26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : रविवार, 26 जुलाई , 2026
अंक- 272 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## कारगिल के वीर सैनिकों का शौर्य सदैव राष्ट्रीय गौरव का स्त्रोत बना रहेगा-मोदी

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कारगिल विजय दिवस के अवसर पर कारगिल के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा है कि उनका शौर्य सदैव राष्ट्रीय गौरव का स्रोत बना रहेगा। श्री मोदी ने रविवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में अपने संदेश में कहा, 'कारगिल विजय दिवस पर, हमारा राष्ट्र भारत की सुरक्षा सुनिश्चित करने के प्रति उनके असाधारण साहस और प्रतिबद्धता के लिए वीर सैनिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करता है।'



आदर्श आयुर्वेदा
गुप्त रोग घबरायें नहीं उचित इलाज करवायें
धात, सैक्स, नामर्दी, शीघ्रपतन, बेऔलाद, शुक्राणु की कमी
जबर्दस्त मर्दाना ताकत प्राप्त करें।
गठिया, बाय, जोड़ों व घुटनों के पुराने दर्द का आयुर्वेद दवाइयों द्वारा सफल इलाज।
पता- बैराज रोड, निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बिजनौर
मो. 7017484725 बुधवार पूर्ण अवकाश




# ये अंत नहीं, शुरुआत है..

## प्रधान के इस्तीफे के बाद अभिजीत दीपके ने जारी किया वीडियो



**नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। देश में साल 2014 के बाद यूं तो बहुत प्रदर्शन हुए हैं। फिर चाहे वो एनआरसी-सीएए के लिए हो या फिर एसआईआर के लिए। लेकिन पहली बार ऐसा हुआ है कि भाजपा सरकार ने विरोध प्रदर्शन और आंदोलन को देखकर कोई फैसला लिया हो। कॉकरोच जनता पार्टी और छात्रों के आंदोलन पर सरकार इस बार बैकफुट पर दिखी। भले ही आंदोलन लंबा खिंचा हो। लेकिन आखिर में इस आंदोलन को जीत ही मिली। अंततः धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना ही पड़ा। अब इसी जीत यानी प्रधान के इस्तीफे के बाद अभिजीत दीपके ने एक वीडियो जारी किया है।**

इसमें उन्होंने कहा कि आंदोलन की बड़ी सफलता के बावजूद यह अंत नहीं, बल्कि सिर्फ शुरुआत है। दीपके ने समर्थकों, छात्रों और आलोचकों का आभार जताते हुए कहा कि सीजेपी को अभी लंबा सफर तय करना है। उन्होंने कहा कि पिछले 37 दिन बेहद कठिन रहे, लेकिन लोगों के सहयोग से यह अभियान अपने लक्ष्य तक पहुंचा।

दीपके ने कहा कि पिछले 37 दिन वाकई बहुत मुश्किल रहे। उन्होंने बताया कि बीमारी के बावजूद वह आंदोलन से जुड़े रहे। उन्हें टाइफाइड था और बुखार भी था, इसलिए वह जंतर-मंतर पर मौजूद सभी लोगों से व्यक्तिगत रूप से धन्यवाद नहीं कह सके। उन्होंने वीडियो में कहा, 'जो लोग 37 दिनों तक जंतर-मंतर पर डटे रहे, मैं उन सभी का दिल से धन्यवाद करता हूं। आपने इस देश के लिए जो किया, उसकी मैं वास्तव में सराहना करता हूं।'

दीपके ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा और सरकार की ओर से मांगें मान लेना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन इसे अंतिम मंजिल नहीं माना जाना चाहिए। 'यह सिर्फ शुरुआत है। सीजेपी को अभी बहुत लंबा सफर तय करना है।' उनके अनुसार, आंदोलन ने देश के युवाओं को एक मंच पर लाने का काम किया है और आगे भी पार्टी इसी दिशा में काम जारी रखेगी।

सीजेपी की शुरुआत मई महीने में एक व्यंग्यात्मक पहल के रूप में हुई थी, लेकिन अगले कुछ सप्ताह में यह युवाओं के आंदोलन में बदल गई। बड़ी संख्या में समर्थक, जो खुद को 'कॉकरोच' कह रहे थे, जंतर-मंतर पहुंचे और नीट पेपर लीक मामले में कार्रवाई की मांग करते रहे। आंदोलनकारियों ने धर्मेंद्र प्रधान को इस मामले के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए उनके इस्तीफे की मांग की थी। शनिवार को उनके इस्तीफे के बाद सरकार ने प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं करने का आश्वासन दिया, जिसके बाद सीजेपी ने अपना आंदोलन समाप्त करने का फैसला किया।



# इंदिरा पार्क में शहीद स्तंभ का शिलान्यास


## नई पीढ़ी को राष्ट्रभक्ति की प्रेरणा मिलेगी- इन्दिरा सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )।** नगर के इंदिरा पार्क में प्रस्तावित शहीद स्तंभ निर्माण के लिए आज भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, पूर्व सैनिकों एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर देश के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।


शहीद स्तंभ की आधारशिला रखते हुए पालिकाध्यक्ष इन्दिरा सिंह।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह, भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक डॉ. बीरबल सिंह, अधिशासी अधिकारी रामपाल सिंह सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। पालिकाध्यक्ष इन्दिरा सिंह ने कहा कि शहीद स्तंभ देश के वीर जवानों के सर्वोच्च बलिदान की स्मृति को सहेजने के साथ-साथ नई पीढ़ी में राष्ट्रभक्ति की भावना को प्रेरित करेगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम में जेई यशवंत सिंह, सभासद संजय बिश्नोई, हितेश सैनी, ललित सैनी, मनोज मनी, अभिषेक राणा, राजकुमार अग्रवाल, वंदना अग्रवाल, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद शहजाद, मुस्तकीम, रामअवतार, विजेंद्र सिंह, अमित ठाकुर, राजवीर सिंह, पूर्व सैनिक तहसील अध्यक्ष तरुण सेहरावत, राहुल जवान, पुष्पेंद्र, विनीत, पवन, बृजपाल सिंह, अजय सिंह, सूरजमल, डॉ. मेजर अभिनव सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।




इस तरह का होगा शहीद स्तंभ।

# पत्रकार व पूर्व सभासद संजीव जोशी चुने गये उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष



**नूरपुर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल नूरपुर की एक महत्वपूर्ण बैठक एक स्थानीय होटल में आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से पत्रकार व पूर्व सभासद संजीव जोशी को नूरपुर इकाई का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष जितेंद्र गोयल ने कहा कि आज के दौर में व्यापारियों का संगठित होना बेहद जरूरी है। व्यापारियों की समस्याओं का निराकरण केवल आपसी एकजुटता और मजबूत संगठन के बल पर ही किया जा सकता है। नवनियुक्त अध्यक्ष संजीव जोशी ने बैठक का सफल संचालन भी किया। इस महत्वपूर्ण बैठक में मुख्य रूप से धामपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष संजय कुमार जैन, वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश चौधरी, जिलाध्यक्ष जितेंद्र गोयल, पत्रकार शादाब, तहसील प्रभारी सोनू, भूपेंद्र चौधरी, अलीशेर, भूरे, बिट्टू शर्मा, साहिल मलिक, व्यापारी महबूब हसन, अकबर नबी, मोहम्मद वसीम, डॉ. वसीम अहमद, कमर आलम, महेश सैनी, सचिन सैनी, संजीव विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।



# मुंबई में धूमधाम से लॉन्च हुआ रवि दीक्षित का रियल-स्टोरी बेस्ड सॉन्ग 'एहसास'




## शाहिद माल्या की आवाज़ ने जीता दिल

**बिजनौर ( चिंगारी )।** मुंबई में रेड रिबन म्यूज़िक लेबल के बैनर तले रवि दीक्षित का रियल-स्टोरी बेस्ड रोमांटिक म्यूज़िक वीडियो 'एहसास' शानदार अंदाज़ में लॉन्च किया गया। इस खास लॉन्च इवेंट में फिल्म और टीवी इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियां मौजूद रहीं। कार्यक्रम में धुरंधर के अभिनेता विवेक सिन्हा, हीरामंडी फेम अनुज शर्मा, बॉर्डर 2 के अभिनेता साद बाबा सहित कई सेलिब्रिटीज़ ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। गाने में अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश खिलाड़ी से अभिनेता बने रवि दीक्षित के साथ अभिनेत्री ऋषिका चावला लीड रोल में नज़र आ रही हैं। दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को दर्शकों और मीडिया से शानदार प्रतिक्रिया मिल रही है। लॉन्च के दौरान मौजूद मेहमानों और मीडिया प्रतिनिधियों ने गाने की कहानी, संगीत और दोनों कलाकारों की परफॉर्मेंस की खुलकर सराहना की।

रवि दीक्षित ने बताया कि 'एहसास' को रिलीज़ होते ही दर्शकों का भरपूर प्यार मिल रहा है। उन्होंने कहा कि उन्हें सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि लोग रवि और ऋषिका की जोड़ी को पसंद कर रहे हैं और उनके अभिनय की भी खूब तारीफ कर रहे हैं। कई लोगों ने कहा कि रवि का यह पहला गाना होने के बावजूद उनकी स्क्रीन प्रेजेंस और अभिनय बेहद प्रभावशाली है।

इस मौके पर रवि दीक्षित ने प्रसिद्ध गायक शाहिद माल्या का विशेष धन्यवाद करते हुए कहा,

शाहिद भाई ने इस गाने को अपनी शानदार आवाज़ से एक अलग ही ऊंचाई दी है। मैं उनका दिल से आभारी हूं और उम्मीद करता हूं कि भविष्य में भी हम साथ मिलकर कई बेहतरीन प्रोजेक्ट्स करेंगे। अभिनेत्री ऋषिका चावला, जो कई OTT प्रोजेक्ट्स और टीवी कमर्शियल्स में अपने अभिनय से पहचान बना चुकी हैं, ने भी इस गाने में अपनी दमदार मौजूदगी से दर्शकों का दिल जीता है। वहीं अंतरराष्ट्रीय खेल जगत से बॉलीवुड में कदम रखने वाले रवि दीक्षित की यह नई शुरुआत काफी चर्चा में है।

इंदिरा पार्क में शहीद स्तंभ का शिलान्यास ( पेज 8 )



# ठाकुरद्वारा में कोचिंग कर रही युवती की पुल के नीचे लाश मिली



मृतका ललिता का फाइल फोटो



घटनास्थल पर मौजूद पुलिस व ग्रामवासी।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** ठाकुरद्वारा में रहकर कोचिंग कर रही क्षेत्र के ग्राम उमरपुर नत्थन निवासी एक युवती की वहां संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। एक नदी के पुल के नीचे उसकी लाश पड़ी मिली। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम उमरपुर नत्थन (नारायणवाला) निवासी सौदयाल सिंह की 21 वर्षीय पुत्री ललिता उर्फ सुहावना पिछले कुछ समय से जनपद मुरादाबाद के ठाकुरद्वारा में रहकर एक कोचिंग सेंटर पर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। शनिवार को ठाकुरद्वारा के निकटवर्ती थाना भगतपुर में ग्राम मानपुर दत्तराम के पास ढेला नदी के पुल के नीचे उसका शव पड़ा मिला। सूचना पर कल ही परिजन मौके पर पहुंच गए थे। थाना भगतपुर पुलिस ने मौके पर गहन छानबीन के बाद उसके शव का पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंप दिया। देर रात परिजन ललिता का शव लेकर घर आए और आज प्रात: कालागढ़ में उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

## हत्या, आत्महत्या या हादसा?

ललिता की मौत कैसे हुई, यह सवाल अभी अनसुलझा है। उसकी हत्या हुई या उसने आत्महत्या की या फिर यह एक हादसा है, थाना भगतपुर पुलिस यह गुत्थी सुलझाने में जुटी है। उसकी मौत को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। पुलिस कमरे और कोचिंग सेंटर के आसपास के सीसीटीवी कैमरे व उसके मोबाइल की कॉल डिटेल्स भी खंगाल रही है, ताकि वास्तविक कारणों तक पहुंचा जा सके। उधर, मृतका के पिता, भाइयों से घटना के संबंध में जानना चाहा तो उन्होंने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। उनका साफ तौर पर कहना था कि वह इस संबंध में कुछ नहीं कहना चाहते हैं।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैंने अपना नाम JAKIYA PARVEEN ज़किया परवीन से बदलकर ZAKIYA NAWAZ ज़किया नवाज कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए। **-ज़किया नवाज पत्नी मोहम्मद शाहनवाज, निवासी मोहल्ला चाहरौनक, पक्का बाग कस्बा किरतपुर, जिला बिजनौर।**

## सूचना

ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम ASIM है, जबकि आधार कार्ड में मेरा नाम MOHD ASIM है। भविष्य में मुझे MOHD ASIM नाम से जाना पहचाना जाये।
MOHD ASIM S/O MOHD SABIR MOHALLA CHAHASANG CHIRAGLA CHANDPUR. BIJNOR. UP





**APPLY FOR VACANCY**

- Sales Executives : 2 (Bijnor, Dhampur)
- Receptionist (Female) : 1 (Bijnor)
- Mechanic / Electrician : 2 (Bijnor)
- Cashier : 1 (Bijnor)

Contact - hr.cnsmotors@gmail.com, Ph: 7055501562

**CNS Motors Pvt. Ltd.** (TATA Motors CV Dealer)
Address: NH-119, Kiratpur Road, Pedda, Bijnor
Branches: Najibabad, Dhampur, Joya (Amroha)
Phone : **8484932387, 8476001007**




कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, श्री हॉस्पिटल के सामने बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

# पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर आयोग ने की जनसुनवाई



## न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से मांगे सुझाव

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं न्यायमूर्ति राम औतार सिंह की अध्यक्षता में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस दौरान आयोग ने स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के राजनीतिक आरक्षण से जुड़े विषयों पर जनप्रतिनिधियों, जिला पंचायत सदस्यों एवं अधिकारियों से सुझाव और जानकारी प्राप्त की।

न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने आयोग के गठन, उद्देश्यों, कार्यक्षेत्र एवं दायित्वों की जानकारी देते हुए बताया कि आयोग का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण से संबंधित तथ्यों का अध्ययन करना, जनसुझावों एवं आपत्तियों का परीक्षण करना तथा न्यायसंगत एवं पारदर्शी व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सरकार को संस्तुतियां उपलब्ध कराना है।

प्रशासक/जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह ने आयोग को जनपद की ग्रामीण जनसंख्या और स्थानीय निकायों की स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2026 के उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 36,82,713 है, जिसमें 27,89,589 ग्रामीण निवासी हैं। जिले में पांच तहसील और 11 विकास खंड हैं। इसके अलावा 1,123 ग्राम प्रधान, 56 जिला पंचायत सदस्य, 1,393 क्षेत्र पंचायत सदस्य तथा 11,223 ग्राम पंचायत सदस्य स्थानीय स्वशासन में अपनी भूमिका निभा रहे हैं।

जनसुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति राम औतार सिंह ने जिला पंचायत सदस्यों से ग्रामीण क्षेत्रों में व्याप्त सामाजिक एवं जनसमस्याओं की जानकारी ली तथा उनके समाधान के लिए सुझाव आमंत्रित किए। उन्होंने कहा कि आयोग का उद्देश्य अन्य पिछड़ा वर्ग के हितों का संरक्षण करते हुए स्थानीय ग्रामीण निकायों में आरक्षण व्यवस्था को तथ्यपरक एवं न्यायसंगत बनाना है। इस अवसर पर आयोग के सदस्य बृजेश कुमार, संतोष कुमार विश्वकर्मा, डॉ. अरविंद कुमार चौरसिया, एसपी सिंह, जिलाधिकारी जसजीत कौर, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह, डीसीजी राम, जीआरबी यादव, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, डीपीआरओ सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं आमजन मौजूद रहे।

# स्व. सुबोधचंद शर्मा के काव्य ग्रंथ 'नूतन काव्योद्गार' का विमोचन



**चांदपुर ( चिंगारी )। कविवर सुबोधचन्द्र शर्मा नूतन स्मृति मंच, सिसौना द्वारा सुबोधचन्द्र शर्मा नूतन की 52वीं पुण्यतिथि पर नूतन काव्योद्गार ( काव्यग्रंथ ) का विमोचन समारोह सिसौना में आयोजित किया गया।**

स्व. पं. सुबोधचन्द्र शर्मा नूतन द्वारा लिखित एवं उनके सुपुत्र मुदित कुमार शर्मा द्वारा सम्पादित 'नूतन काव्योद्गार' के विमोचन कार्यक्रम के मुख्य वक्ता गुरूकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के वेद विभाग अध्यक्ष प्रो. डॉ. दिनेशचन्द्र शास्त्री ने जनपद बिजनौर को साहित्य जगत के मनीषियों की भूमि बताते हुए कहा कि पं. सुबोध शर्मा नूतन के 55 वर्ष पूर्व लिखित दोहों का संकलन कर सम्पादित करके मुदित कुमार शर्मा ने अपने पिताश्री को अमरत्व प्रदान किया। अध्यक्षीय सम्बोधन में एचआईसी चान्दपुर के सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विनेश त्यागी ने कहा कि मुदित कुमार शर्मा द्वारा 50 वर्ष बाद अपने पिता के साहित्य को प्रकाशित करके उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दी है। सांसद चन्दन चौहान ने पुस्तक विमोचन पर मुदित कुमार शर्मा को अच्छा प्रयास बताते हुए उनसे अपील की कि नई पीढ़ी के लिए पुस्तक का डिजिटिलाइजेशन कराया जाये।

विमोचन के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार अशोक मधुप, डॉ. पंकज भारद्वाज बिजनौर, डॉ. लोकेन्द्र त्यागी नूरपुर, डॉ. ओपी सिंह बिजनौर, अशोक त्यागी मेरठ, डॉ. अशोक गिरि, डॉ. सुशील कुमार त्यागी अमित, डॉ. विजय कुमार त्यागी हरिद्वार, डॉ. संजय कुमार त्यागी, पुस्तक सम्पादक मुदित कुमार शर्मा, इरफान मिर्जा, अमित कुमार शर्मा ग्राम प्रधान सिसौना आदि ने पुस्तक का विमोचन किया तथा विचार व्यक्त किये।

# नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले को पांच साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग के साथ छेड़छाड़ एवं अश्लील हरकतें करने वाले अभियुक्त फहीम को पांच वर्ष कठोर कारावास और 27 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक भालेंद्र सिंह राठौर के अनुसार नगीना थानांतर्गत एक गांव में रहने वाली महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 सितम्बर 2024 को रात के करीब 7 बजे करीब नगीना थानांतर्गत ग्राम खुर्सपुर नंगली उर्फ धर्मशानंगली निवासी फहीम उर्फ फईम पुत्र आमिर हुसैन उसके घर में घुस आया और उसकी 13 वर्षीय पुत्री के साथ जबरदस्ती बलात्कार किया, वह लड़की बोल नहीं पाती है। उसके रोने की आवाज सुनकर उसकी बहन वहां गई तो उसे देखकर फहीम भाग गया। पुलिस ने इस मामले में चार्जशीट छेड़छाड़ में भेजी। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट कल्पना पांडे ने नाबालिग लड़की से बलात्कार का अपराध सिद्ध होने पर अभियुक्त फहीम उर्फ फईम को पॉक्सो एक्ट की धारा 10 के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड, भारतीय न्याय संहिता की धारा 333 के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास और दस हजार रुपए अर्थदंड, धारा 76 के तहत तीन वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड तथा धारा 115 के तहत छह माह कठोर कारावास और दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।



# गैंगस्टर एक्ट के तहत पांच को 3-3 वर्ष का कठोर कारावास

**बिजनौर ( चिंगारी )।** विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कोर्ट नं. 6 अलका चौधरी ने पांच गैंगस्टर को तीन-तीन वर्ष कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक सलीम अख्तर के अनुसार चांदपुर थाना प्रभारी चंद्रकांत मिश्रा ने थाने में एक रिपोर्ट दर्ज कराई कि मोहल्ला कोटला निवासी सलीम ने अपने साथियों मुरादाबाद के थाना छजलैट के ग्राम कुरी निवासी मोहम्मद आरिफ पुत्र अब्दुल रहीम, स्योहारा थानांतर्गत ग्राम रवाना निवासी शहजाद पुत्र अब्दुल मालिक, ग्राम रवाना शिकारपुर निवासी नफासत पुत्र अब्दुल वहीद, आरिफ उर्फ मुस्तकीम पुत्र मुश्ताक निवासी मोहल्ला नोमी थाना बढ़ापुर, ग्राम मेवा नवादा निवासी वहाजुद्दीन पुत्र सिराजुद्दीन तथा अशरफ पुत्र अकरम, सलाउद्दीन पुत्र निजामुद्दीन ने सुसंगठित गिरोह बना रखा है तथा उससे ये लोग आर्थिक और भौतिक लाभ कमाते हैं, इनके डर के कारण क्षेत्र में आतंक का माहौल है। पुलिस ने इस मामले में सलीम, मोहम्मद आरिफ, शहजाद, आरिफ उर्फ मुस्तकीम, नफासत, वहाजुद्दीन,अशरफ एवं सलाउद्दीन के विरुद्ध चार्जशीट न्यायालय में दाखिल की। इस मामले में अभियुक्त आरिफ उर्फ मुस्तकीम की पत्रावली पृथक की गई। इस मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट अलका चौधरी ने अपराध सिद्ध होने पर गैंगस्टर एक्ट के तहत सलीम, मोहम्मद आरिफ, शहजाद, नफासत और वहाजुद्दीन को पांच-पांच वर्ष कठोर कारावास और पांच-पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि अशरफ और सलाउद्दीन को सबूतों के अभाव में बरी कर दिया।

# गवाह पर हमला करने के दोषी कोहर सिंह को पांच साल की सज़ा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री प्रशांत मित्तल ने गवाह पर जान लेवा हमला करने वाले कोहर सिंह को पांच वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता आमोद त्यागी के अनुसार हल्दौर थानांतर्गत ग्राम नांगल जट निवासी विकास कुमार पुत्र घसीटा सिंह ने 8 फरवरी 2019 को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके फुफेरे भाई भीमसिंह पुत्र रामशरण सिंह निवासी झालू रोड बिजनौर,जिसके दो पुत्र कृष्णा व मोहित हैं, दोनों ही आवारा व बदमाश किस्म के लड़के हैं, जिस कारण भीम सिंह ने दोनों को अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रखा है और इनके खिलाफ हल्दौर थाने में एक मुकदमा दर्ज कर रखा है,जिसमें वो गवाह हैं। 7 फरवरी 2019 को दिन में एक बजे करीब विकास अपने घर पर था, तभी दो व्यक्ति बिना नंबर की मोटर साइकिल से आए और विकास को बुलाया और मुकदमे में गवाही देने को मना किया। विकास ने उनकी बात से इनकार कर दिया। विकास के इनकार करने पर मोटर साइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति कोहर सिंह ने तमंचे से फायर कर दिया, जिससे विकास बाल-बाल बचा। कोहर सिंह, कृष्णा के साथ उठता बैठता है। कोहर सिंह पर पहले भी किसी हत्या और लुट के मुकदमे दर्ज हैं। इस मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रशांत मित्तल ने अपराध सिद्ध होने पर अपराध सिद्ध होने पर कोहर सिंह को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 307 के तहत पांच वर्ष कठोर कारावास और पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है।

# पीएम मोदी के मन को भा गई बिजनौर की

# विदुर प्रेरणा हर्बल टी

## 'मन की बात' कार्यक्रम में की सराहना



शुभ रघुवंशी

**बिजनौर ( चिंगारी )।** 'मन की बात' कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिजनौर जिले के कोतवाली देहात ब्लॉक स्थित लखीवाला गांव की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार की जा रही 'विदुर प्रेरणा हर्बल टी' की खुलकर सराहना की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा की गई सराहना विदुर प्रेरणा उत्पादों के लिए संजीवनी बन गई है। आज मन की बात के 136वें संस्करण में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में मुख्य रूप से कारगिल विजय दिवस के साथ-साथ चाय से अपने जुड़ाव का जिक्र किया। उन्होंने हल्के-फुल्के अंदाज में कहा, 'आप भली-भांति जानते हैं कि मेरा चाय से रिश्ता क्या है।' प्रधानमंत्री ने बताया कि बिजनौर के ग्राम लखीवाला गांव की महिलाओं ने केवल एक लाख के शुरुआती ऋण (राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत) से इसकी शुरुआत की थी और आज यह एक सफल उद्यम बन चुका है। उन्होंने बिजनौर विदुर प्रेरणा हर्बल टी प्रोडक्ट ग्रुप की महिला स्वयं सहायता समूह की सदस्यों की जमकर सराहना की। 'वोकल फॉर लोकल' का उदाहरण देते हुए पीएम मोदी ने बताया कि इस स्वदेशी चाय को प्रयागराज के महाकुंभ और दिल्ली (भारत मंडपम) के फूड फेस्टिवल में भी खूब सराहना मिली है और यह महिलाओं द्वारा 'लोकल टू ग्लोबल' के सपने को साकार करने का बेहतरीन उदाहरण है।







### औषधीय गुण और स्वाद से भरपूर है हर्बल टी

प्रेरणा हर्बल टी लेमनग्रास, गिलोय, मुलेठी, तुलसी, सौंफ और कच्ची हल्दी जैसी प्राकृतिक जड़ी-बूटियों से तैयार की जाती है। किसी भी केमिकल से मुक्त होने के कारण यह शरीर की इम्युनिटी (रोग प्रतिरोधक क्षमता) बढ़ाने में काफी असरदार है।

### 12 करोड़ का कारोबार, 64 कैफे आउटलेट

**राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ( एनआरएलएम ) से जुड़ी बिजनौर की ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित विदुर प्रेरणा स्वदेशी हर्बल टी अब राष्ट्रीय स्तर से आगे बढ़कर अंतरराष्ट्रीय पहचान की ओर अग्रसर है। विकास खंड कोतवाली के ग्राम लखीवाला स्थित महिला स्वयं सहायता समूह ( एसएचजी ) की सदस्य विगत लगभग दो वर्षों से इस हर्बल टी का निर्माण एवं पैकेजिंग कर रही हैं। वर्तमान में इस ब्रांड के अंतर्गत 160 से अधिक उत्पादों का उत्पादन एवं विपणन स्वयं सहायता समूहों द्वारा किया जा रहा है। ब्रांड का कुल कारोबार 12 करोड़ से अधिक हो चुका है। इन उत्पादों की बिक्री 100 से अधिक विदुर प्रेरणा स्वदेशी ब्रांड आउटलेट्स तथा 64 से अधिक विदुर प्रेरणा कैफे के माध्यम से की जा रही है।**

## यूनिवर्सल एकेडमी में अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यूनिवर्सल एकेडमी, बिजनौर में नवशैक्षिक सत्र 2026-27 के छात्र परिषद के गठन हेतु अलंकरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र सक्सेना, जिला विद्यालय निरीक्षक, बिजनौर तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. निशांत यादव रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक श्री राकेश कर्णवाल, प्रबंध समिति के सदस्य शुभम कर्णवाल, प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी, उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल एवं समस्त शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके पश्चात विद्यार्थियों ने स्वागत गीत, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां एवं मार्च-पास्ट का शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में छात्र परिषद के विभिन्न पदों पर चयनित विद्यार्थियों को बैज एवं सैश पहनाकर सम्मानित किया गया तथा उपप्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने सभी नवनिर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र सक्सेना ने विद्यार्थियों को नेतृत्व, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं अनुशासन की भावना का विकास करना है। कार्यक्रम का संचालन दिया एवं खुशी ने किया। आयोजन को सफल बनाने में एक्टिविटी इंचार्ज अभिलाष, अनीता चौधरी, कोऑर्डिनेटर कविता शर्मा, अजीत चौधरी, ओम, नितिन चौधरी, संगीत विभाग से संजय, नितिन, कंटेंट क्रिएटर शिक्षक सूरज एवं रिकूल सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में हुआ।




## भाजपा नेता व उनके पिता के साथ मारपीट करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नजीबाबाद पुलिस ने एक भाजपा नेता व उनके पिता के साथ मारपीट व गाली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में तीन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। नगर के भाजपा व व्यापारी नेता शोभित मित्तल पुत्र सत्यप्रकाश मित्तल निवासी गोविंद नगर ने एसपी को एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसके आधार पर नजीबाबाद पुलिस ने तीन आरोपियों आशीष राजपूत हरेंद्र व उदय के खिलाफ संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। रिपोर्ट में शोभित मित्तल ने बताया दो दिन पूर्व वह अपनी दुकान सीकेआई चैराहा सांई कम्पलैक्स मार्केट पर अपने पिता के साथ अपनी कार में आये थे, तभी पहले से ही उनकी दुकान के बाहर आशीष राजपूत निवासी गोहड़िया मंडावर की कार खड़ी थी, जब उन्होंने आशीष राजपूत से वहां से गाड़ी हटाने को कहा था तो उसने वहां अपने रिश्तेदार हरेंद्र व उदय को बुलाकर उनके व उनके पिता के साथ दुर्व्यवहार करते हुए गाली गलौच व मारपीट कर जान से मारने के की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।



# बाल क्लब कमेटी ने वार्षिकोत्सव पर किया भगवती जागरण एवं सम्मान समारोह आयोजित

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर नगर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था बाल क्लब कमेटी की ओर से दो दिवसीय 17 वे वार्षिकोत्सव पर भगवती जागरण एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान हापुड़ से पधारे भजन गायक भोजवीर कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र बने रहे। कार्यक्रम में धामपुर क्षेत्र के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा, पूर्व राज्य मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान, नगर पालिका परिषद धामपुर के अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, बजरंगबली अखाड़ा के गुरु पंडित हरिओम शर्मा ,समाजसेवी नरेश कुमार सैनी कैटर्स, समाजसेवी योगेश कुमार रस्तोगी बाबू भैया , नितिन कुमार सैनी सर्राफ,संजय कुमार अग्रवाल आदि को शॉल ओढ़ाकर तथा माता रानी का चित्र भेंट करके सम्मानित किया गया।


जागरण में मौजूद अतिथि।

नगर के मोहल्ला बाड़वान स्थित होली चौक पर आयोजित भगवती जागरण तथा सम्मान समारोह का शुभारंभ सामूहिक पूजन से किया गया। जिसके मुख्य यजमान रोहित कुमार एवं उनकी धर्मपत्नी पूनम रानी रहे। पूजन कार्यक्रम पुरोहित आचार्य पंडित हिमांशु कुमार शर्मा ने संपादित कराया। भजन गायकों में प्रशांत परदेसी तथा गायिका नेहा कश्यप और दीपिका कश्यप आदि शामिल रहे।

# विधायक अशोक राणा ने किया खादी भवन का शुभारंभ

**धामपुर ( चिंगारी )।** खादी ग्रामोद्योग भवन, स्टेशन रोड धामपुर में संचालित खादी ग्रामोद्योग विकास मंडल बुढ़नपुर के प्रधान कार्यालय का शुभारंभ धामपुर के भाजपा विधायक अशोक कुमार राणा द्वारा फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में जिला ग्रामोद्योग अधिकारी आर.एस. अग्रवाल, जिला मेडिकल विजनियर अध्यक्ष सुरेन्द्र चौहान, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता नीरज प्रताप सिंह, हिन्दू रक्षा सेना के जिला अध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी, रजनी चौहान, वरिष्ठ समाजसेवी एस.पी. सलूजा, जावेद रहमान शम्सी, खादी संस्था सचिव पुरुषोत्तम सिंह, खादी संस्था के मंत्री विपिन गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, जयदेव सिंह, अरुण कुमार, मुनेन्द्र राणा, सुशील कुमार, विकास कुमार, अनुज चौहान, के के सिंह, सहायक सचिव जितेन्द्र सिंह सहित समाज के अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। खादी भवन के शुभारंभ पर उपस्थित लोगों ने स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने पर बल दिया। कार्यक्रम के अंत में खादी भवन के सहायक सचिव जितेन्द्र सिंह ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# एजुकोल गर्ल्स स्कूल में अन्तर्सदनीय सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित



एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में अंतर सदन सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तर प्रतियोगिता के विजेता।

**धामपुर ( चिंगारी )।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल में अंतरसदनीय सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल ने मां सरस्वती की वन्दना व दीप प्रज्वलित कर किया। हाउस इंचार्ज उषा रानी, पारुल गोयल, जागृति ठाकुर, साक्षी दुआ, लीना चौहान, अरुण शर्मा शीरीन बारी एवं कक्षा पांच से बारहवीं तक की सभी छात्राएं उपस्थित रहीं। इस प्रतियोगिता में विश्वद्यालय के क्लोपैट्रा हाउस से रिद्धिमा जोशी, लिवा शारिक, पलक सैनी, कनिका सैनी, कोर्डिल्या हाउस से काव्या राजपूत, अन्नुल मर्ज़िया, कनक वत्स, वरुनी सिंह, ओलिविया हाउस से माही चौहान, लक्षिका चौहान, जिज्ञासा आर्य, डिम्पल राणा, पोर्सिया हाउस से समीक्षा चौहान, पिहू सिंह, श्रेष्ठा शुक्ला, मदीहा रहमानी ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में कोर्डिल्या हाउस ने प्रथम स्थान, क्लोपैटरा हाउस द्वितीय, पोर्सिया हाउस तृतीय तथा ओलिविया हाउस चतुर्थ स्थान पर रहा। इस अवसर पर प्रतिभागी छात्राओं को विद्यायालय परिवार की ओर से सम्मानित किया गया। निर्णायक मंडल में पारुल चौहान, मनोज कुमार शामिल रहे। संचालन बारहवीं की छात्रा ख्याति चौहान और अमरजीत कोर ने किया।

# जबरन चश्मे की दुकान खाली कराने का आरोप, मारपीट में किरायेदार घायल


घटना के बारे में बताते हुए महिलाएं।

**धामपुर ( चिंगारी )।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मार्ग पर स्थित चश्मे के एक शोरूम को जबरन खाली करने को लेकर हुई मारपीट में अमित गुप्ता गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ले जाया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला खातियान निवासी अमित गुप्ता उनके पुत्र अमिश गुप्ता ने लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व एक दुकान किराए पर लेकर जगदीश विजन एंड संस नाम से चश्मे का शोरूम खोला था। अमित गुप्ता का कहना है कि उन्होंने दुकान स्वामी देवाशीष ठाकुर से रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करके शोरूम खोला था और उसका किराया भी जमा कर दिया था।

लगभग 5 माह पूर्व देवाशीष ठाकुर का निधन हो गया। उनके निधन के बाद उनकी पत्नी प्रियंका राजपूत का कहना है कि उनके पति से कोई लिखित एग्रीमेंट नहीं किया गया है। प्रियंका का आरोप है कि अमित गुप्ता ने 5 माह से दुकान का किराया भी नहीं दिया है। इस संबंध में उन्होंने मुख्यमंत्री, जिला अधिकारी, उप जिलाधिकारी व पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की। उसके बाद भी कोई कार्यवाही न होने से क्षुब्ध होकर आज सुबह वह कई ग्रामीणों के साथ दुकान में पहुंची। सुनील गुप्ता ने बताया कि अचानक दुकान में घुसे लोगों ने मोबाइल फोन छीन लिए और दुकान में रखे चश्मे कट्टे में भरकर फर्नीचर के साथ दुकान के बाहर रख दिए और शटर बंद कर दिया। इसी दौरान अमित गुप्ता जब मौके पर पहुंचे, तो उनके साथ मारपीट की गई। समाचार भेजे जाने तक दोनों पक्ष थाने में मौजूद है।

# पेड़ से लटका मिला मूक-बधिर का शव

**स्योहारा ( चिंगारी )।** आज सुबह लगभग साढ़े पांच बजे स्योहारा थाना क्षेत्र के ग्राम नौगरा में पुष्पेन्द्र के खेत में खड़े आम के पेड़ पर एक शव लटका मिला। जिसकी शिनाख्त लोकेश पुत्र होशियार सिंह निवासी ग्राम नांगल जट, थाना हल्दौर के रूप में हुई। मृतक लोकेश मूक-बधिर था और उसके परिवार में कोई नहीं रह गया था, इसलिए वह पिछले 20 वर्षों से अपने रिश्तेदार पुष्पेन्द्र के यहां रह रहा था। अभी यह पता नहीं चला कि लोकेश ने आत्महत्या की है या उसकी हत्या हुई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# शिखर शिशु सदन में हुआ विद्यार्थी परिषद का गठन



शिखर शिशु सदन में विद्यार्थी परिषद गठन समारोह।

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन सीनियर सेकेंडरी स्कूल, धामपुर में विद्यालय की विद्यार्थी परिषद का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया के अंतर्गत चुनाव के माध्यम से किया गया। चयनित पदाधिकारियों में लविश को हेड बॉय, दिया त्यागी को हेड गर्ल, प्रिंस को स्कूल प्रीफेक्ट, निकुंज को वाइस हेड बॉय तथा खुशी को वाइस हेड गर्ल चुना गया। एकेडेमिक कैप्टन के रूप में रिशान्त, अवनी एवं यशिका का चयन हुआ। वहीं अनुशासन प्रभारी के रूप में अभिनव एवं प्रीति यादव ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की।

विद्यालय की सांस्कृतिक गतिविधियों के संचालन हेतु आर्यन, हिमांशी, परी एवं दिव्यांगना को सांस्कृतिक सचिव तथा नित्या, शुभिका एवं सुयांश को भाषा प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी गई। सदन परिषद के अंतर्गत अर्जुन हाउस, भाभा हाउस, चाणक्य हाउस एवं नेहरू हाउस के लिए क्रमशः आकाश, जाह्नवी, ध्रुव, कार्तिक, विवेक, तेजस्वी, अचिन्त्य एवं माही को कैप्टन एवं वाइस कैप्टन के पदों पर चयनित किया गया। समारोह के दौरान सभी विद्यार्थी परिषद एवं सदन परिषद के सदस्यों को विद्यालय परिवार द्वारा बैज पहनाकर सम्मानित एवं अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षकों आर. एन. सिंह, श्रीमती अर्चना भटनागर, श्रीमती तारा, श्रीमती प्रियंका त्यागी, श्री गुरप्रीत सिंह, श्री अंकित सिसोदिया, श्रीमती मंजीत कौर, श्रीमती उत्तरा, श्रीमती आरती, श्री अर्जुन का सराहनीय योगदान रहा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डॉ. शेखर अवस्थी ने नवनिर्वाचित विद्यार्थी परिषद एवं सदन परिषद के सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी।

# दशमोत्तर छात्रवृत्ति 2026-27 की समय सारिणी का पालन करने के निर्देश

## छात्रवृत्ति मास्टर डाटा बेस में शामिल होने की अंतिम तिथि 15 अगस्त

**बिजनौर (चिंगारी)।** मुख्य विकास अधिकारी रणविजय सिंह ने जनपद के सभी शिक्षण संस्थानों, विश्वविद्यालयों, एफिलिएटिंग एजेंसियों एवं छात्र-छात्राओं को वित्तीय वर्ष/शैक्षिक सत्र 2026-27 की दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति योजना की निर्धारित समय-सारिणी का पालन करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि निदेशालय पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ एवं शासन द्वारा छात्रवृत्ति योजना के लिए समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है।

उन्होंने बताया कि शिक्षण संस्थानों द्वारा छात्रवृत्ति मास्टर डाटा बेस में शामिल होने की अंतिम तिथि 15 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। वहीं, विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी द्वारा शुल्क आदि का सत्यापन 30 अगस्त 2026 तक किया जाएगा।

छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाइन आवेदन अथवा नवीनीकरण करने तथा उसकी हार्डकॉपी संबंधित शिक्षण संस्थान में जमा करने की अवधि 15 सितंबर से 15 अक्टूबर 2026 तक निर्धारित की गई है। इसके बाद शिक्षण संस्थानों को छात्रों का बायोमैट्रिक प्रमाणीकरण, पूर्णांक एवं प्राप्तांक तथा उपस्थिति का अंकन करने के साथ ही अपात्र छात्रों का डाटा निरस्त कर पात्र छात्रों के आवेदन ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने की प्रक्रिया 25 अक्टूबर 2026 तक पूरी करनी होगी। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसियों द्वारा वास्तविक छात्र संख्या का सत्यापन तथा अपात्र छात्रों, पाठ्यक्रमों एवं संस्थाओं को ब्लॉक करने की कार्रवाई 15 सितंबर से 20 नवंबर 2026 तक की जाएगी।

उन्होंने सभी शिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया कि वे मास्टर डाटा में पाठ्यक्रम, पाठ्यक्रम का प्रकार, अनुमोदित सीटों की संख्या, निर्धारित शुल्क तथा संबद्ध विश्वविद्यालय एवं एफिलिएटिंग एजेंसी समेत सभी आवश्यक विवरण समय से अपडेट करें। साथ ही छात्र-छात्राओं से अपील की कि वे 15 अक्टूबर 2026 से पहले अपना ऑनलाइन आवेदन अनिवार्य रूप से पूरा कर लें, ताकि उन्हें छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ समय पर मिल सके।

## फूलन देवी को श्रद्धांजलि अर्पित की

**बिजनौर (चिंगारी)।** पूर्व सांसद स्व.फूलन देवी की पुण्यतिथि पर समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा एवं विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने फूलन देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा के जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने की, जबकि संचालन प्रवक्ता अखलाक पप्पू ने किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने कहा कि स्व. फूलन देवी ने समाज के शोषित, वंचित, गरीब, पिछड़े एवं कमजोर वर्गों की आवाज़ को संसद तक पहुंचाने का कार्य किया। उन्होंने सामाजिक न्याय, समानता



और सम्मान की लड़ाई पूरी दृढ़ता और साहस के साथ लड़ी। कार्यक्रम में मंसाराम सैनी, मदनलाल सैनी, दिलशाद अंसारी, राधा सैनी, पकज बिश्नोई, महमूद कस्सार, शमसाद अंसारी, मनोज राजपूत, मुदित त्यागी, डॉ. योगेंद्र चौ., लोकेन्द्र चौधरी,अशोक गहलोत, रजत त्यागी राजा, शेर सिंह, राजेश गोयल, रामचंद्र भुइयार, प्रमोद प्रधान, वकार, संजय पाल, सुरेन्द्र वाल्मीकि, सरफ़राज़ अहमद, सीमा सलीम एवं अहमद खिज़र खान सहित समाजवादी पार्टी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

धारा मोटर फ़ाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं।
कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

# रामपुर में इकरा हसन और आज़म खां के समर्थक भिड़े

### गेस्ट हाउस में हंगामा, दोनों पक्षों के बीच हाथापाई की नौबत

**रामपुर (चिंगारी)।** समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधिमंडल के रामपुर दौरे के दौरान गेस्ट हाउस में उस समय अफरातफरी का माहौल बन गया, जब सांसद इकरा हसन और सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां के समर्थक हॉल में प्रवेश को लेकर आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों के समर्थकों के बीच पहले तीखी नोकझोंक हुई और फिर धक्का-मुक्की शुरू हो गई। देखते ही देखते माहौल तनावपूर्ण हो गया और कुछ देर के लिए हॉल के बाहर हंगामे की स्थिति बन गई।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों के लिए जौहर रोड स्थित संत शिरोमणि गेस्ट हाउस के हॉल में प्रवेश की व्यवस्था की गई थी। इसी दौरान बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और समर्थक भी अंदर जाने का प्रयास करने लगे। बताया जाता है कि सांसद इकरा हसन के समर्थकों ने उनके साथ हॉल में प्रवेश करने की कोशिश की, जबकि आजम खां के समर्थक भी बड़ी संख्या में मौजूद थे। सीमित स्थान



और भारी भीड़ के कारण दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो कुछ ही देर में धक्का-मुक्की तक पहुंच गई। कुछ लोगों ने बीच में आकर मामले को शांत किया। कुछ समय तक प्रवेश द्वार पर अव्यवस्था का माहौल बना रहा, जिसके कारण प्रतिनिधिमंडल के कार्यक्रम की व्यवस्था भी प्रभावित हुई। काफी मशक्कत के बाद सांसद इकरा हसन को सुरक्षा घेरे में हॉल के भीतर पहुंचाया गया। इसके बाद स्थिति धीरे-धीरे सामान्य हुई और प्रतिनिधिमंडल की बैठक आगे बढ़ सकी।

दो दिन पहले विधायकों व पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल रामपुर पहुंचा था, तब रामपुर के सांसद मोहिबुल्लाह नदवी और सपा नेता आजम खां के समर्थकों के बीच तीखी नोकझोंक हुई थी। उस वक्त दोनों ओर से नारेबाजी भी हुई थी। जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ खुलकर उतरी समाजवादी पार्टी के आठ सांसदों का प्रतिनिधिमंडल शनिवार को कई अन्य नेताओं के साथ रामपुर पहुंचा। आसपास के सपा और आजम खां समर्थक भी भारी भीड़ के साथ पहुंचे थे। संत रविदास गेस्ट हाउस में एकत्र होकर प्रतिनिधिमंडल जौहर यूनिवर्सिटी गेट पर सातवें दिन बेमियादी धरने पर बैठे छात्रों से जाकर मिला। उन्हें भरोसा दिया कि यूनिवर्सिटी को टूटने नहीं दिया जाएगा। प्रतिनिधिमंडल, यूनिवर्सिटी के वीसी से बंद कमरे में मुलाकात के बाद कलक्ट्रेट पहुंचा और यहां जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी से मिलकर ज्ञापन सौंपा, जिसमें एक सुर में आरडीए के आदेश का विरोध जताया और इस आदेश को रद्द करने की मांग उठाई। सांसदों ने कहा कि भाजपा सरकार शिक्षा विरोधी काम कर रही है।

# नारे थमे, टैंट हटे और सड़कें धोई गईं...

## 37 दिन बाद एकदम नई है जंतर-मंतर की सुबह



नई दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )। दिल्ली के जंतर-मंतर पर पिछले 36 दिनों से चल रहा 'कॉकरोच जनता पार्टी' (CJP) का बड़ा आंदोलन आखिरकार खत्म हो गया है। नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर युवाओं और छात्रों के इस प्रदर्शन के बाद शनिवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद आंदोलनकारियों ने अपना धरना वापस ले लिया है। आंदोलन खत्म होने के बाद आज रविवार सुबह जंतर-मंतर का माहौल पूरी तरह बदला हुआ नजर आया।



महीनों से जंतर-मंतर पर पैर रखने तक की जगह नहीं थी। हर तरफ टैंट, बड़े-बड़े मंच, लाउडस्पीकर की आवाजें और 'इंकलाब' के नारे गूंज रहे थे, वहां आज की सुबह एक गहरा सन्नाटा पसरा हुआ है। प्रदर्शनकारियों के जाने के बाद जंतर-मंतर रोड अब पूरी तरह शांत है। जो छात्र और युवा कल तक अपने हक की लड़ाई के लिए सड़कों पर डटे थे, वे अब अपना सामान और तख्तियां समेटकर घर लौट चुके हैं। सड़क के किनारे लगे बड़े-बड़े बैनर, पोस्टर और मंच हटा दिए गए हैं। यह शांति अजीब जरूर है, लेकिन इस बात की गवाही दे रही है कि एक महीने से अधिक समय तक कॉकरोच जनता पार्टी, कई छात्र संगठन और Gen-Z के लंबे संघर्ष के बाद आखिरकार उनकी मांगें पूरी हो गई हैं।

आंदोलन खत्म होते ही नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (NDMC) की टीमें पूरी मुस्तैदी के साथ मैदान में उतर चुकी हैं। शनिवार की आधी रात से ही जंतर-मंतर और उसके आस-पास के इलाकों में एक बड़ा सफाई अभियान चलाया जा रहा है। सफाई व्यवस्था का जायजा लेने खुद जमीन पर उतरे एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल मौके पर पहुंचे। एनडीएमसी के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने बताया कि हमारे सभी अधिकारी और सफाई कर्मचारी सड़कों पर हैं। आंदोलन खत्म हो चुका है। लोग यहां से जा चुके हैं। हमारा टारगेट है कि जल्द से जल्द इस पूरे इलाके को चाहे वो टॉलस्टॉय मार्ग हो, जंतर-मंतर, संसद मार्ग, जय सिंह मार्ग या फिर कनॉट प्लेस (CP) का इलाका हो...सभी को पूरी तरह साफ और चमका दिया जाए। हमारी सैनिटेशन और वाशिंग टीमें लगातार काम कर रही हैं। सड़क पर बिखरी पानी की खाली बोतलें, कागज और टैंट का कचरा तेजी से हटाया जा रहा है और फुटपाथों को पानी के टैंकरों से धोया जा रहा है। आंदोलन के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजामों की वजह से जंतर-मंतर को पूरी तरह से छावनी में तब्दील कर दिया गया था। जगह-जगह लोहे के भारी बैरिकेड्स लगे थे। धरनास्थल और उसके आसपास पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे लुटियंस दिल्ली के इस अहम रास्ते पर ट्रैफिक पूरी तरह ठप था।

## प्रधान ने 2 बार की थी इस्तीफे की पेशकश, सरकार ने ठुकराया...

शिक्षामंत्री के पद से शनिवार को इस्तीफा देने वाले धर्मेंद्र प्रधान के रेजिग्नेशन को लेकर अब अंदर की कहानी सामने आ रही है। सरकारी सूत्रों के मुताबिक, नीट पेपर लीक विवाद और छात्रों के आंदोलन के दौरान धर्मेंद्र प्रधान ने दो बार अपने पद से इस्तीफा देने की पेशकश की थी, लेकिन दोनों बार सरकार ने इसे स्वीकार नहीं किया। सरकार का मानना था कि किसी मंत्री का इस्तीफा समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में सुधार और जवाबदेही तय करना ज्यादा जरूरी है। सूत्रों के अनुसार, 20 जुलाई को वरिष्ठ मंत्रियों की एक उच्चस्तरीय बैठक में भी धर्मेंद्र प्रधान ने इस्तीफा देने की इच्छा जताई थी। हालांकि उस समय भी उन्हें शिक्षा क्षेत्र में चल रहे सुधारों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी निभाने के लिए कहा गया और इस्तीफा स्वीकार नहीं किया गया। सरकार के भीतर यह सोच थी कि किसी मंत्री का इस्तीफा देना सबसे आसान विकल्प होता है। यह जिम्मेदारी से मुंह मोड़ने जैसा है। मोदी सरकार की प्राथमिकता समस्या से पीछे हटने के बजाय उसके समाधान पर काम करने की रही है।




विजय यात्रा के दौरान नुक्कड़ सभा को संबोधित करतीं कविता कृष्णपल्लवी

## धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे पर नांगल में निकाली गई विजय यात्रा

नांगल सोती ( चिंगारी )। दिल्ली के जंतर-मंतर पर आंदोलन करने वाले छात्रों को मिली पहली जीत की खुशी में नौजवान भारत सभा एवं स्त्री मुक्ति लीग के द्वारा नांगल के विभिन्न मुहल्लों में विजय यात्रा निकाली गयी। इस मौके पर उनके द्वारा सरकार के समक्ष कई मांगें भी रखी गई हैं। नौजवान भारत सभा के अपूर्व मालवीय ने कहा कि धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा छात्रों-युवाओं के आंदोलन की बड़ी जीत है और तानाशाह सरकार के मुंह पर एक जोरदार तमाचा है। लेकिन धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा इस आंदोलन की कई मांगों में से केवल एक मांग थी। अभी आगे और भी लड़ाई है। स्त्री मुक्ति लीग की कविता कृष्णपल्लवी ने कहा कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद मार्च के दौरान पुलिस द्वारा किये गये छात्रों के बर्बर दमन के दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये तथा मोदी सरकार इसके लिये माफी मांगे। इस पहली जीत के जश्न के बावजूद हमें अपनी एकजुटता और संघर्ष के जज्बे को ढीला नहीं पड़ने देना है।

उन्होंने सरकार के समक्ष मांगें रखीं कि छात्रों के खिलाफ दर्ज सभी फर्जी एफआईआर बिना शर्त वापस ली जायें, 20 जुलाई के बर्बर पुलिसिया दमन की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराकर दोषी पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की जाये, एनटीए को रद्द किया जाये, नई शिक्षा नीति को वापस लिया जाये, परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाया जाये। विजय यात्रा मुख्य बाजार से शुरू करके नांगल के विभिन्न मुहल्लों से होकर निकाली गयी और वापस मुख्य बाजार में पहुंचकर ही सम्पन्न हुई। इस दौरान उन्होंने युवा रक्त की गर्मी से बर्फ की घाटी पिघलेगी, यह सन्नाटा टूटेगा, नई राह अब निकलेगी, 'इंकलाब जिंदाबाद', 'तानाशाह सरकार मुर्दाबाद', 'छात्र-युवा शक्ति जिंदाबाद' जैसे जोशीले नारे लगाये। शिवा, राजू, प्रदीप गोस्वामी, हेमेन्द्र चौधरी, मा. कृष्णा, धर्मेन्द्र पाल, मौ. शाहनवाज आदि शामिल रहे।

## नई पीढ़ी, नया तरीका

### न पंजीकृत पार्टी, न जमीनी आधार, फिर भी साथ खड़े हो गए युवा; 36 दिन में की तंत्र की 'सफाई'

सुप्रीम कोर्ट की युवाओं के संदर्भ में कॉकरोच वाली टिप्पणी के विवाद से पैदा हुई कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) पार्टी ने 36 दिन के आंदोलन में ही शिक्षा मंत्रालय से जुड़े पूरे तंत्र की 'सफाई' कर दी है। केंद्रीय शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सीजेपी ने कहा कि यह तो सिर्फ एक ट्रेलर है, पूरी पिक्चर अभी बाकी है। देश का युवा जाग चुका है। जंतर-मंतर से विरोध प्रदर्शन वापस लेने के बाद सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास ने कहा, लोकतंत्र में जवाबदेही सबसे जरूरी है। युवा देश के भविष्य हैं, वे इसे बहाल करने में सफल रहे हैं। यह बड़ी जीत है। युवाओं ने इस आंदोलन को वापस ले लिया है। दास ने कहा, कृपया उस तरीके को बंद करें, जिससे आप मुस्लिम-विरोधी, ईसाई-विरोधी राजनीति करके शासन करते हैं। कृपया छात्रों सहित हर समुदाय के कल्याण के लिए काम करें, तभी आपको लोगों का भरोसा मिलेगा। युवा इस देश की सभी समस्याओं का समाधान करेगा। यह भी पहला मौका है जब देश के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व ने जेन-जी नेताओं के साथ औपचारिक वार्ता की मेज पर बैठकर मांगों पर बिंदुवार फैसले लिए।



# 15 हजार से अधिक दिवंगत शिक्षामित्रों को दी श्रद्धांजलि

## संघर्ष को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

## 5 अगस्त से होगा बीएसए कार्यालय का घेराव- अजय पाल सिंह

**बिजनौर ( चिंगारी )**। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के बैनर तले शनिवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर में प्रदेशभर के 15 हजार से अधिक दिवंगत शिक्षामित्रों की स्मृति में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा के उपरांत शिक्षामित्रों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी के माध्यम से प्रेषित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय संयोजक पुनीत चौधरी तथा संचालन जिला महामंत्री अनुज राणा ने किया। प्रांतीय संयोजक पुनीत चौधरी ने कहा कि समायोजन निरस्त होने के बाद हजारों शिक्षामित्रों का असमय निधन हुआ है। उन्होंने कहा कि दिवंगत शिक्षामित्रों के संघर्ष को आगे बढ़ाना और उनके सपनों को साकार करना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी सुचित मलिक ने पूर्व जिला अध्यक्ष राजीव चिकारा सहित विकास चौधरी, हरिराम सिंह, मुमताज बानो, रीता रानी, अनूप कुमार, ब्रह्मपाल सिंह, फुरकान अहमद, अंजुम परवीन तथा यशपाल सिंह सहित सभी दिवंगत शिक्षामित्रों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि संगठन प्रत्येक दिवंगत शिक्षामित्र के परिवार के साथ हर परिस्थिति में मजबूती से खड़ा है। महिला मोर्चा की प्रांतीय सचिव संजू राणा ने कहा कि हजारों महिला शिक्षामित्रों ने भी अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ते हुए असमय प्राण गंवाए हैं। उन्होंने सरकार से दिवंगत महिला शिक्षामित्रों के परिवारों को आर्थिक सहायता तथा उनके आश्रितों को रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की। जिला अध्यक्ष अजय पाल सिंह ने चेतावनी दी कि यदि 31 जुलाई 2026 तक मूल विद्यालय वापसी की सूची जारी नहीं की गई तो 5 अगस्त 2026 से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय का अनिश्चितकालीन घेराव एवं धरना-प्रदर्शन शुरू किया जाएगा, जो मांग पूरी होने तक जारी रहेगा। कार्यक्रम में जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, जिला कोषाध्यक्ष सत्यपाल सिंह, पंकज राजपूत, अरविंद कुमार नरवाल, दीपा चक्रवर्ती, आलोक शर्मा, अमित कुमार, प्रदीप भाटी, ऋषिपाल सिंह, पवन कुमार, अतुल कुमार, देवेंद्र सिंह, बुंदू खान सहित विभिन्न ब्लॉकों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में शिक्षामित्र उपस्थित रहे।



## इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में स्पेल बी प्रतियोगिता का सफल आयोजन



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों के लिए स्पेल बी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता प्रधानाचार्या डॉ. अंजना राजपूत, समन्वयक दिशा गुप्ता एवं अंग्रेज़ी शिक्षिकाओं की उपस्थिति में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता से विद्यार्थियों की शब्दावली, वर्तनी, उच्चारण, आत्मविश्वास तथा अंग्रेज़ी भाषा पर पकड़ मजबूत हुई। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले कक्षा 3 के छात्र आरुषी, जागृति रानी, सैयद आहिल, अभिमान, कनव, शानवी, अदविक, अनन्या, आर्शी, कक्षा 4 के छात्र मौ. याफि खान, अभिनव चंद, अकमा, अब्दुल हादी, आफिया, मुआज़ शेख, कक्षा 5 के छात्र काव्या, निशि राजपूत, अरहम अंसारी, पवित खरबंदा, अनमोल सिंह, हादिया नाज़, आराध्या राजपूत, इनाया, अंशिका, पाखी सभी विद्यार्थियों को बधाई दी गई।

## बच्चों ने स्कूल बैग को आकर्षक सजावट व रचनात्मक कला से सजाया



**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में नर्सरी से कक्षा प्रथम तक के विद्यार्थियों के लिए बैग डेकोरेशन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने स्कूल बैग को रंग-बिरंगे चित्रों, आकर्षक सजावट व रचनात्मक कला के माध्यम से सुंदर ढंग से सजाया। कक्षा नर्सरी से आरुष चौहान, अभिर राजपूत, मोहम्मद आमिर, हमजा, अनाबिया शेख, मोहम्मद अरहम, जैन, राघव, एलकेजी क्लास से अहमद खान, इजान, हमदान। यूकेजी क्लास से सैयद इब्राहिम अली, उजैफा, काशवी चौहान, अश्मित कौर, फैज़, साद, प्रज्ञा, गौरांग यादव, फर्स्ट क्लास से मनस्वी, मिताली, गुरसेवक, आयत, माही, अथर्व प्रताप सिंह रहे ने प्रतिभाग किया। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह व आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में भाग लिया। बच्चों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता एवं मेहनत की सभी ने सराहना की। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय की ओर से प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह चौहान, उपप्रधानाचार्या श्रीमती सुनिता सिंह व अन्य शिक्षकों ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार की गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## डॉ. राखी आनंद को मिला 'वूमन ऑफ विज़न 2026' सम्मान

### हर स्टोरी हर पावर' में दर्ज हुई उनकी प्रेरणादायी कहानी




**नजीबाबाद ( चिंगारी )**। महिला स्वास्थ्य, जागरूकता व सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं समाजसेविका डॉ. राखी आनंद को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर के सीडी देशमुख सभागार में आयोजित समारोह में 'वूमन ऑफ विज़न 2026' सम्मान से सम्मानित किया गया। राही पब्लिकेशन द्वारा ब्लूरे मीडिया के सहयोग से आयोजित कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण पर आधारित पुस्तक 'हर स्टोरी हर पावर' का लोकार्पण भी किया गया। यह पुस्तक विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य कर रही 50 प्रेरणादायी महिलाओं की जीवन-यात्राओं व संघर्षों का संकलन है। इसमें डॉ. राखी आनंद की कहानी व उनके सामाजिक कार्यों को भी स्थान दिया गया है। डॉ. राखी आनंद महिलाओं के स्वास्थ्य, मासिक धर्म, किशोरियों के स्वास्थ्य, पीसीओएस, मातृ स्वास्थ्य, मेनोपॉज़ व प्रजनन स्वास्थ्य जैसे विषयों पर लगातार जागरूकता अभियान एवं कार्यक्रम चला रही हैं। वह सखी वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक हैं, जिसके माध्यम से महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण, आत्मनिर्भरता व आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़ा जा रहा है। इसके साथ ही वह बिजनौर की पोश समिति की अध्यक्ष के रूप में कार्यस्थल पर महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान के लिए भी सक्रिय हैं। सम्मान के बाद डॉ. राखी आनंद ने कहा, यह सम्मान केवल मेरी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि उन सभी महिलाओं का सम्मान है जो अपने जीवन में निरंतर संघर्ष करती हैं और परिवार व समाज के लिए योगदान देती हैं। हर महिला की एक कहानी होती है और हर कहानी में एक शक्ति छिपी होती है। उन्होंने कहा कि 'हर स्टोरी हर पावर' में उनकी जीवन-यात्रा का शामिल होना उनके लिए अत्यंत भावनात्मक और गौरवपूर्ण क्षण है। उन्होंने अपनी कहानी को संघर्ष, अनुभवों और समाज के लिए कुछ करने की निरंतर इच्छा की कहानी बताया। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों की 50 प्रेरणादायी महिलाओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुशील भारती की पुस्तक 'संदीप मारवाह ए ग्लोबल लोरिएट ऑफ आर्ट एंड कल्चर' तथा कवयित्री गीतांजलि जादौन के काव्य संग्रह 'पराई होकर भी अपनी' का भी विमोचन हुआ। 'हर स्टोरी हर पावर' पुस्तक ऑनलाइन उपलब्ध है और इसे ऑनलाइन खरीदा जा सकता है। डॉ. राखी आनंद ने कहा कि यह सम्मान उन्हें महिलाओं के स्वास्थ्य, जागरूकता और सशक्तिकरण के लिए तथा अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता है।

## कारगिल शहीदों के सम्मान में दौड़ का आयोजन



**बिजनौर ( चिंगारी )**। गोविंदा मॉर्निंग क्लब बिजनौर द्वारा इंदिरा पार्क बिजनौर में वर्ष 1999 में हुये कारगिल युद्ध में शहीद हुए जवानों को स्मरण करते हुए सांकेतिक दौड़ का आयोजन किया गया। दौड़ लगाते हुए यह सभी भारत माता की जय और वंदे मातरम् के नारे लगा रहे थे। कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कारगिल विजय दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्ष 1999 में भारत-पाकिस्तान की सेना के बीच 6 माह तक लगातार युद्ध हुआ, जिसका अंत 26 जुलाई 1999 को हुआ, जिसमें भारतीय सेना विजय हुई। इस युद्ध में शहीद हुए सैनिकों को सम्मान देने के लिए प्रतिवर्ष 26 जुलाई को कारगिल विजय दिवस के रूप में मनाया जाता है। दौड़ में कर्मचारी नेता राकेश शर्मा, डॉ. प्रमोद कुमार गंज वाले, अशोक कुमार अग्रवाल, गणेश ठाकुर, इंजीनियर प्रकाश वीर रस्तोगी, अशोक यादव, रतिराम सिंह, पूर्व सैनिक केपी सिंह, राकेश रस्तोगी, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सोरन सिंह परिहार, दिनेश चौहान, शिव सिंह रावत, एडवोकेट पंकज बिश्नोई, आशाराम सिंह सहित क्लब के सभी सदस्य उपस्थित रहे

## राजकीय आईटीआई हल्दौर में भी होंगे इस वर्ष एडमिशन

**बिजनौर ( चिंगारी )**। जनपद बिजनौर की विधानसभा नेटवर्क नहटौर के हल्दौर में नवनिर्मित राजकीय आईटीआई में भी अगस्त 2026 से प्रारंभ होने वाले प्रशिक्षण सत्र में प्रवेश किए जाएंगे, जिसके लिए प्रवेश आवेदन पत्र www.scvtup.in पर ऑनलाइन होने प्रारंभ हो गए हैं। इस वर्ष फिटर में 20, इलेक्ट्रीशियन में 20, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एंड एक में 24,कोपा में 48, मशीनिस्ट में 20, वेल्डर में 40 तथा इलेक्ट्रॉनिक मैकेनिक में 24 एडमिशन किए जाएंगे। यह जानकारी राजकीय आईटीआई बिजनौर के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल मयंक द्वारा दी गई।

# सेंट मैरी स्कूल में हुई शानदार 'कल्चर मीट'




**हल्दौर (चिंगारी)। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में वार्षिक 'कल्चर मीट' (सांस्कृतिक महोत्सव) का हर्षोल्लास और भव्यता के साथ आयोजन किया गया। इस सांस्कृतिक समागम में विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा, कला और ऊर्जा से समां बांध दिया।**

कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट एवं सिस्टर फिलबी द्वारा दीप प्रज्वलन और प्रार्थना के साथ किया गया। इसके पश्चात् सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम, कथक और अन्य पारंपरिक विधाओं में लय, ताल और भाव-भंगिमाओं का ऐसा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया कि पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

छात्र-छात्राओं ने विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों और फ्यूजन डांस के जरिए भारत की विविधता में एकता की सुंदर झलक पेश की। इसी श्रृंखला में गीत संगीत,मोनो एक्ट, हिंदी और अंग्रेजी निबंध लेखन और फैंसी ड्रेस सैसी प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं के मूल्यांकन के लिए आमंत्रित निर्णायक मंडल ने बच्चों के आत्मविश्वास, वेशभूषा, ताल-मेल और मंच प्रस्तुतिकरण की जमकर सराहना की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर शैनेट ने सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, पदक और प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास और उनकी अंतर्निहित प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम हैं। आज बच्चों ने जिस लगन और ऊर्जा का परिचय दिया है, वह वाकई काबिले तारीफ है। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# किसानों की सच्ची हितैषी है डबल इंजन सरकार, बोले ओमकुमार




किसान चौपाल को संबोधित करते विधायक ओमकुमार।

**नहटौर (चिंगारी)।** ग्राम जलालपुर हसना की किसान चौपाल में विधायक ओमकुमार ने कहा कि किसान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में है। किसानों के हितों के लिये प्रदेश और केंद्र सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ मिल रहा है। उन्होंने किसानों से जुड़ी योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया।

शनिवार को जलालपुर हसना स्थित फार्म हाउस पर चौपाल में विशाल काफिले के साथ पहुंचे नहटौर विधानसभा के विधायक ओम कुमार का ग्रामीणों ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। विधायक ओम कुमार ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन सरकार किसानों के सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि फसल बीमा और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार जैसी योजनाओं ने किसानों के जीवन स्तर को उठाने का काम किया है। विधायक ने कहा कि किसानों का आत्मीय स्नेह और अटूट विश्वास ही मेरी असली ताकत है। जय जवान, जय किसान के मूलमंत्र के साथ क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। आयोजक चौधरी तुलाराम ने भी क्षेत्रवासियों का आभार जताया। इस अवसर हल्दौर मंडल अध्यक्ष पीयूष चौहान, नहटौर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अतुल मारवाड़ी, जिला मंत्री तिलकराज सैनी, शोभा रानी, विनीता शर्मा, गन्ना समिति हल्दौर के अध्यक्ष नरेश कुमार, भूमि विकास बैंक अध्यक्ष राकेश कुमार, अन्नी त्यागी, खैरपुर प्रधान अशोक, संजीव प्रधान, कुनाल चांग, दर्पण रावल, चमन दहिया, अंकज आशियान, सोहित चौधरी, डॉ. उर्मिला शिवम त्यागी आदि ने विचार व्यक्त किये। संचालन दर्पण रावल ने किया।

# कैप्टन एवीएस गहलौत पब्लिक स्कूल में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम



**हल्दौर (चिंगारी)।** कैप्टन एवीएस गहलौत पब्लिक स्कूल हल्दौर में ग्रीन डे के अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया,जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों एवं समाज में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संदेश देना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ठाकुर चंद्रवीर सिंह गहलौत रहे। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक एडवोकेट नवीन कुमार तथा प्रधानाचार्या श्रीमती शालिनी चौधरी की गरिमयी उपस्थिति रही। मुख्य अतिथि एवं अतिथियों ने विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और सभी को पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दिलाया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि वृक्ष हमारे जीवन का आधार हैं। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल भी करनी चाहिए। बच्चों ने पूरे उत्सव के साथ पौधारोपण किया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिनमें कुशल राज, प्रवेश कुमार, आरजू चौधरी, अदिति चौधरी, साक्षी चौधरी, अनुपमा, प्रियंका रानी, राहिल, श्रुति चौधरी, गुंजन चौधरी, प्रियंका व रचना आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने की प्रेरणा दी गई। विद्यालय परिवार ने संकल्प लिया कि वह हरित एवं स्वच्छ पर्यावरण के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान देंगे।

## मनव्वर ने रोशन किया परिवार का नाम



**सहसपुर (चिंगारी)। नगर के सबसे पुराने अखबार एजेंट मो. अकरम अंसारी के पुत्र मो. मनव्वर ने एम.जे.पी. रोहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बी.एड. द्वितीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में लक्ष्य कॉलेज ऑफ एडवांस एजुकेशन, स्योहारा से बी.एड. द्वितीय वर्ष की परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर अपने परिवार का नाम रोशन किया है। मो. मनव्वर अब केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा की कोचिंग कर रहें हैं। अपनी इस सफलता का श्रेय परिवार व कॉलेज प्रबंधक, प्रवक्ता प्रमोद कुमार व गुरुजनों को दिया है। आज भी मनव्वर सहसपुर की जनता को सभी अखबार उपलब्ध कराते हैं।**

## मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल को मिला लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड



**बिजनौर (चिंगारी)।** साहित्य और शिक्षा के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए, मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, बिजनौर ने द समर बुक राइटिंग फेस्टिवल 2026 में शानदार सफलता हासिल की है। इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल को संपूर्ण पश्चिमी उत्तर प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन के रूप में सम्मानित किया गया है। साथ ही प्रतिष्ठित लिटरेरी लीडरशिप अवार्ड से भी नवाजा गया है। समर फेस्टिवल के दौरान स्कूल के 400 से अधिक होनहार विद्यार्थियों की मौलिक पुस्तकों का प्रकाशन हुआ, जो अपने आप में एक अभूतपूर्व और प्रेरणादायक उपलब्धि है। इन नन्हे और युवा लेखकों की रचनाशीलता, कल्पना शक्ति और लेखन क्षमता ने न केवल जूरी सदस्यों को आश्चर्यचकित किया, बल्कि साहित्य के क्षेत्र में एक नई मिसाल भी कायम की। इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉ. सीमा विश्वास ने सभी उभरते बाल-साहित्यकारों, उनके अभिभावकों और शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई दी।

# उदयन वीरा के जन्मदिन पर किया पौधारोपण



**बिजनौर (चिंगारी)।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर द्वारा संचालित रेडियो संदेश 89.6 बिजनौर के रेडियो वाटिका परिसर में उदयन वीरा (सचिव वीरा चैरिटेबल सोसायटी) के जन्म दिवस के शुभ अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडियो वाटिका में विभिन्न प्रजातियों के फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। रेडियो संदेश की सचिव स्वाति वीरा महाजन ने कहा कि जन्मदिन जैसे शुभ अवसर पर वृक्षारोपण करना न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम है, बल्कि यह समाज के लिए प्रेरणादायी भी है। इस अवसर पर प्रबंध समिति सदस्य प्रवीण गुप्ता, कैप्टन बिशनलाल ने भी पौधारोपण किया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर डीन एकडेमिक्स मनोज कुशवाहा, स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल एवं शुएब आली खान, आरजेपी के प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ़, सुधांशु वत्स, तेजपाल सिंह, अतुल रस्तोगी, रेडियो संदेश टीम सदस्य हेड सुनील कुमार भारद्वाज, ललित राठी, श्यामल मंडल, मनोज यादव, सारिका चौधरी, शबनम, डॉ. शबनम कुरैशी एवं सभी विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, विभोर राजवंशी, सुधीर कुमार तथा डॉ. फैसल अंसारी मौजूद रहे।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन, छात्र-छात्राओं ने किया शानदार प्रदर्शन

**चांदपुर (चिंगारी)।** लोकप्रिय इण्टर कॉलेज, केलनपुर बिजनौर में दक्षिणी क्षेत्रीय क्रीड़ा प्रतियोगिता सत्र 2026-27 का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर, वीरेंद्र कुमार पहुली (वरिष्ठ कार्यकर्ता, राष्ट्रीय लोकदल) तथा सतीश कुमार ढाका (पूर्व प्रधान, ग्राम शादीपुर मिल्क) ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। 10 मीटर एयर राइफल (पीप साइड) अंडर-19 बालक वर्ग में अर्पित कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 बालिका वर्ग में हर्षि यादव प्रथम स्थान पर रहीं। अंडर-17 बालक वर्ग में पार्थ तोमर ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंडर-17 बालिका वर्ग में वंशिका प्रथम स्थान पर रहीं। 10



मीटर एयर पिस्टल अंडर-19 बालक वर्ग में शुभ डवास ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अंडर-17 बालक वर्ग में ऋतिक पाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं 10 मीटर ओपन साइट अंडर-14 बालक वर्ग में मयंक तोमर ने प्रथम तथा रोहित तोमर ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। प्रधानाचार्य हरवीर सिंह तोमर ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। प्रतियोगिता में उपप्रधानाचार्य प्रशांत कुमार तोमर, कुलवेंद्र सिंह, रूबी तोमर, शिखा, पवनलता, कुलदीप कुमार, सुमित कुमार, रोहित कुमार, सुधांशु शर्मा, कावेन्द्र सिंह, सत्यवीर सिंह, श्रीमती अनूपा रानी, डोली, रेशु अलंकार, पारुल, आकांशी, प्रतिक्षा, राखी, दीपा, रेनू सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ का सहयोग रहा।




# नीट पेपर लीक मामले में जान गंवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि दी

## कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर जताई संवेदना

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिला कांग्रेस कमेटी एवं शहर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में जिलाध्यक्ष श्रीमती हेनरीता राजीव सिंह के नेतृत्व में कैंडल मार्च निकाला गया। इस दौरान नीट पेपर लीक मामले के चलते अपनी जान गंवाने वाले छात्रों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हेनरीता राजीव सिंह ने कहा कि युवा विद्यार्थियों की असमय मृत्यु पूरे देश के लिए बेहद दुखद और पीड़ादायक है। कांग्रेस उनके परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा महज एक शुरुआत है। अब पूरी शिक्षा व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में कोई भी छात्र इस तरह के अन्याय का शिकार न हो। नगर अध्यक्ष हुमायूं बेग ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार प्रतियोगी परीक्षाओं को कराने में पूरी तरह विफल रही है। नीट का पेपर लीक होने से लाखों बच्चों और उनके अभिभावकों को गहरा आघात पहुंचा था, जिसके चलते अनेक छात्र-छात्राओं ने आत्महत्या कर ली थी। इसके लिये पूरी तरह मोदी सरकार जिम्मेदार है। कैंडल मार्च में कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डॉ. ललिता चौधरी ने ग्रहण किया महात्मा विदुर मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल का पदभार

**बिजनौर (चिंगारी)।** महात्मा विदुर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, बिजनौर को नई प्रिंसिपल मिल गई है। डॉ. ललिता चौधरी ने शनिवार को महाविद्यालय के प्रिंसिपल पद का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। इस अवसर पर कॉलेज के चिकित्सकों, फैकल्टी सदस्यों और कर्मचारियों ने उनका स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। पदभार ग्रहण करने के बाद डॉ. ललिता चौधरी ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता मेडिकल कॉलेज में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं को और बेहतर बनाना, चिकित्सा शिक्षा को सुदृढ़ करना तथा मरीजों को आधुनिक और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने कहा कि टीम भावना के साथ कार्य करते हुए संस्थान को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा।



महाविद्यालय के चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने विश्वास जताया कि डॉ. चौधरी के नेतृत्व में मेडिकल कॉलेज शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं और प्रशासनिक व्यवस्था के क्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल करेगा। उनके कार्यभार ग्रहण करने से कॉलेज में नई ऊर्जा और सकारात्मक माहौल का संचार हुआ है।

# आरवीआईटी में बी. फार्मा का रिजल्ट रहा शानदार



**बिजनौर (चिंगारी)।** आर.वी. इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी, बिजनौर के बी. फार्म. प्रथम व द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल डॉ. ए.पी. जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त की। जिया परवीन ने 83.03 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, अलफिजा जस्मीन ने 82.62 प्रतिशत अंक पाकर दूसरा व पीयूष कुमार ने 82.48 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। द्वितीय वर्ष से सुजल कुमार सिंह ने 75.71 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। शिवांगी चौधरी ने 74.71 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान तथा देव कुमार ने 72.86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त संस्थान के अन्य सभी छात्र-छात्राओं ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अच्छे अंकों से परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्धक निदेशक सत्री देशवाल एवं फार्मेसी पाठ्यक्रम के निदेशक डॉ. हितेश कुमार ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# आभा फाउण्डेशन ने 1000 महिलाओं को प्रेशर कूकर बांटे




**चांदपुर (चिंगारी)। आभा फाउंडेशन ने जनसेवा के क्षेत्र में एक और बड़ी मिसाल कायम करते हुए एक हजार विधवा व दिव्यांग महिलाओं में नि:शुल्क प्रेशर कुकर का वितरण किया।**

शुक्रवार को फीना में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद चंदन चौहान ने आभा फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे जनकल्याणकारी कार्यों की प्रशंसा करते हुए संस्था के प्रयासों को सराहनीय बताया। धामपुर विधायक अशोक राणा ने भी फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि जरूरतमंदों तक सीधे सहायता पहुंचाने के ऐसे प्रयास समाज के लिए प्रेरणादायक हैं।

आभा फाउंडेशन की संस्थापिका श्रीमती आभा सिंह ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य जरूरतमंद परिवारों तक वास्तविक सहायता पहुंचाना है और जनसेवा की यह मुहिम आने वाले समय में और बड़े स्तर पर जारी रहेगी। कार्यक्रम में युवा रालोद के क्षेत्रीय अध्यक्ष रूहेलखंड हनी तोमर, चौ. वीर सिंह, वीरेन्द्र सिंह, अजीत सिंह, धर्मपाल सिंह, दयावीर प्रजापति, आशीष, ओमपाल कश्यप (रालोद जिला प्रमुख), रालोद संयोजक संजीव राठी, विजयपाल सिंह, यशवीर सिंह एडवोकेट, यशपाल सिंह, मुनीश कुमार, गौरव कुमार तथा आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह के पुत्र आदित्य राज सिंह, पुत्रवधू रिया सिंह व पुत्री वसुंधरा राज भी उपस्थित रहीं।

## आभा फाउंडेशन द्वारा किए गए कार्य

**आभा फाउंडेशन की ओर से नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, मोतियाबिंद ऑपरेशन, चश्मा एवं दवा वितरण, बेटियों को साइकिल वितरण, महिलाओं को सिलाई मशीन वितरण, रजाई वितरण, सामूहिक विवाह तथा विधवा एवं दिव्यांग महिलाओं की सहायता जैसे अनेक जनकल्याणकारी कार्य किए जा चुके हैं।**

# पॉलीथिन उपयोग पर दस दुकानदारों से वसूला जुर्माना

## नगर निगम ने चलाया प्रतिबंधित पॉलीथिन के खिलाफ अभियान

**सहारनपुर (चिंगारी)।** नगर निगम ने प्रतिबंधित पॉलीथिन और प्लास्टिक के खिलाफ महानगर में अभियान चलाते हुए आज करीब दो दर्जन दुकानों की सघन जांच की। इस दौरान दस दुकानों से भारी मात्रा में प्रतिबंधित पॉलिथिन जब्त कर दुकानदारों से मौके पर दस हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। नगरायुक्त शिपू गिरि के निर्देश पर नगर निगम द्वारा प्रतिबंधित पॉलीथिन के उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण के लिए जोनल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार मिश्र एवं प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल एच.बी. गुरुंग के नेतृत्व में आज अभियान चलाया गया। आज कोर्ट रोड पर जब निगम अधिकारियों ने जांच शुरु की तो दुकानदारों में खलबली मच गयी। इस दौरान करीब दो दर्जन दुकानदारों की जांच की गयी। 10 दुकानदारों को प्रतिबंधित पॉलीथिन उपयोग करते हुए पाया गया। उक्त सभी दुकानदारों से पॉलीथिन जब्त कर उनसे दस हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। जोनल अधिकारी डॉ. संदीप कुमार मिश्र ने दुकानदारों से कहा कि प्रतिबंधित पॉलीथिन का उपयोग पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए बेहद हानिकारक है। उन्होंने कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में यदि कोई भी दुकानदार पॉलीथिन का उपयोग या बिक्री करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ और अधिक दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, जिसमें दुकान सील करने की कार्रवाई भी शामिल है। प्रवर्तन दल अधिकारी कर्नल एच.बी. गुरुंग ने व्यापारियों से अपील की कि वे नगर को स्वच्छ और पॉलीथिन मुक्त बनाने में प्रशासन का सहयोग करें तथा पॉलीथिन के स्थान पर कपड़े या जूट के थैलों का प्रयोग सुनिश्चित करें। कार्रवाई के दौरान सफाई निरीक्षक मनोज कुमार, आशीष धौलाखंडी व नीरज कर्णवाल के अलावा प्रवर्तन दल के जवान मौजूद रहे।


दुकानदारों का चालान करते निगम अधिकारी।

# के. एस. चिल्ड्रंस अकेडमी के छात्र नीरज कुमार का अग्निवीर में चयन

**कोतवाली देहात (चिंगारी)।** के. एस. चिल्ड्रंस अकेडमी के छात्र नीरज कुमार पुत्र श्री कल्याण सिंह का भारतीय सेना की अग्निवीर भर्ती में चयन होने पर विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। नीरज कुमार ने अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता तथा विद्यालय के अध्यापकों के मार्गदर्शन और प्रेरणा को दिया। नीरज प्रारंभ से ही एक मेधावी एवं अनुशासित छात्र रहा है। उसने कक्षा 12वीं में गणित विषय में सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय में टॉप किया था। विद्यालय के प्रधानाचार्य इंद्रपाल सिंह ने नीरज कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने नीरज को भविष्य में भी इसी लगन, अनुशासन और मेहनत के साथ आगे बढ़ने तथा अपने माता-पिता, विद्यालय और क्षेत्र का नाम निरंतर रोशन करने की प्रेरणा दी।


नीरज को मिठाई खिलाते हुए प्रधानाचार्या।

# बी.टेक द्वितीय सेमेस्टर का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**बिजनौर (चिंगारी)।** जिले के प्रतिष्ठित संस्थान 'कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट' में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (AKTU) द्वारा आयोजित परीक्षा वर्ष 2026 में बी.टेक द्वितीय सेमेस्टर (प्रथम वर्ष) का परीक्षाफल घोषित हो गया है। इस परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए इशिता त्यागी ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, सिद्धि मुद्गल ने 88.28 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा नूर फातिमा ने 88.11 प्रतिश अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया। इसके अतिरिक्त संस्था के अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर प्रबंध तंत्र की ओर से वीरा सोसाइटी के सचिव कुंवर उदयन वीरा, मुरादाबाद सांसद कुंवरानी रुचि वीरा एवं रेडियो सचिव श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं तथा उनके अथक परिश्रम और लगन की सराहना की। संस्था के निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल ने इस शत-प्रतिशत सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर उन्होंने डीन एकेडमिक प्रो. मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश अग्रवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. शुभम कुमार एवं शिक्षकगण डॉ. नीतीश कुमार, हर्ष राजपूत, राशि, हर्षिता सैनी आदि को भी बधाई व शुभकामनाएं दीं।


इशिता त्यागी सिद्धि मुद्गल नूर फातिमा

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कारगिल विजय दिवस

**बिजनौर (चिंगारी)।** रूट्स इंटरनेशनल स्कूल बिजनौर में कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य और देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय सेना के अदम्य साहस, शौर्य और अमर बलिदान को याद करना तथा विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम की भावना को जागृत करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन शांतनु गुप्ता, डायरेक्टर एकडमिक यश गुप्ता, आदित्य गुप्ता, डायरेक्टर (मैनेजिंग) दिनेश त्यागी, प्रधानाचार्य डॉ. अभिनव चौधरी, उपप्रधानाचार्या रूचि शर्मा, एजिक्यूटिव आफिसर भूपेंद्र सिंह द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। इस दौरान पूरा विद्यालय परिसर 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' के नारों से गूंज उठा। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के चारों हाउस-रमन हाउस, कलाम हाउस, भाभा हाउस और बोस हाउस के बीच विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर अपनी कला का प्रदर्शन किया।



# रामा इंस्टीट्यूट में बीसीए का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत

**किरतपुर (चिंगारी)।** रामा इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, किरतपुर के बीसीए द्वितीय वर्ष का परीक्षा परिणाम एमजेपी रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय द्वारा घोषित किया गया। बीसीए के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉलेज का नाम रोशन किया। निशु राजपूत ने 69 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, हिफजान अली ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान, मानसी सिंह ने 66.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डबलेश कुमार ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उप प्राचार्य डॉ. रवीश कुमार ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन तथा शिक्षकों के सतत मार्गदर्शन का परिणाम है। विभागाध्यक्ष वैशाली शर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि पूरे विभाग के लिए गर्व का विषय है। इस अवसर पर ट्रस्टी अरुण गोयल एवं प्रबंधक डॉ. रोहित चौधरी ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।



# मिल कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन ने प्रबंधक को सौंपा 6 सूत्रीय मांग-पत्र

**किसान सहकारी चीनी मिल, नजीबाबाद (चिंगारी)।** शनिवार को सहकारी चीनी मिल एवं आसवनी कर्मचारी वेलफेयर एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के श्रमिकों व श्रमिक नेताओं ने मिल कारखाने में चीनी मिल नजीबाबाद के प्रधान प्रबन्धक महीपाल सिंह को छः सूत्रीय मांग-पत्र दिया। ज्ञापन में वर्ष 2024 जुलाई माह से 10 प्रतिशत डी.ए. का प्रस्ताव बनाकर संघ कार्यालय को भेजा जाये, आउटसोर्सिंग एवं दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों का वेतन व समान पद जो श्रम विभाग से प्रस्तावित है को लागू किया जाये, संविदा पर रखे श्रमिक/अधिकारियों का वेतन महंगाई को देखते हुए बढ़ोतरी करी जाये। वर्ष 2016 से जो श्रमिक/अधिकारियों का प्रमोशन देकर वेतन बढ़ाकर इनका उत्साहवर्धन किया जाये। संविदा/ आउटसोर्सिंग श्रमिक/ अधिकारियों का फण्ड की कटौती भी की जाये। जो श्रमिक /अधिकारी जून माह में सेवानिवृत होते हैं, उनको सुप्रीम कोर्ट के आदेशनुसार जुलाई माह की एक वेतन वृद्धि लगाकर भुगतान किया जाये। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद मिल के प्रधान प्रबंधक महीपाल सिंह ने कहा चीनी मिल अक्टूबर 2026 के अंत तक तैयार होनी है, क्योंकि नबम्बर के प्रथम सप्ताह तक गन्ना पेराई सत्र 2026-27 शुरू हो जायेगा। सभी अधिकारी, कर्मचारी मेहनत के साथ काम करते रहें, यदि चीनी मिल ने बेहतर परिणाम दिये तो आपके सभी देय/मांगें स्वीकार कर लिये जायेंगे।



# चोरी की वारदातों से भय व्याप्त

## रात भर जागने को मजबूर हैं ग्रामवासी

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ क्षेत्र में आजकल चोरों का आतंक है। बुधवार-गुरुवार की मध्यरात्रि चोरों ने भगतावाला की नई कॉलोनी में शरीफ व निजामुद्दीन के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। शरीफ के घर में हुई चोरी की बड़ी वारदात से शरीफ सहित उसके बेटों निजामुद्दीन व शानू के कमरों से चोर नगदी व जेवरात चुराकर ले गए।


चोरों की फायरिंग में घायल हर्षित चौहान व आयुष चौहान।

*चोरी करके जाते समय चोरों ने पीछा करने के शक में मॉर्निंग वॉक को निकले ग्रामीण युवाओं पर फायरिंग कर दी, जिसमें गांव के तीन युवक हर्षित चौहान, दीपांशु चौहान व आयुष चौहान छर्रे लगने से घायल हो गए। चोरों के आतंक से ग्रामीण भयभीत हैं और रात-रात भर जागने को मजबूर हैं। बच्चे व महिलाएं डरे सहमे हैं और अब दिन छिपे के बाद से उन्हें चोरों का डर सताने लग जाता हैं।*

चोरी की यह वारदात अभी लोगों की जुबान पर ही थी कि शुक्रवार-शनिवार की मध्यरात्रि चोरों ने मोहिउद्दीनपुर में हाथ साफ कर दिया। चोर

### पुलिस खुलासे के प्रयास में लगी

बृजेश चौहान के घर उस समय घुसे जब बृजेश व उसकी पत्नी रेखा छत पर सोए हुए थे। खटपट की आवाज से परिजन न उठ जाएं, इसके लिए चोरों ने घर में रखे संदूक का ताला नहीं तोड़ा बल्कि संदूक को ही उठा कर ले गए। बृजेश को चोरी का पता तब चला जब गांव में चोरों द्वारा की गई फायरिंग के बाद शोरगुल हुआ।

# शुद्ध पेयजल मुहैया कराये नगर पालिका

**हल्दौर ( चिंगारी )।** नगर के मुहल्ला अल्हावाला निवासी रवि कुमार एडवोकेट ने नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी व अध्यक्ष को एक ज्ञापन देकर नगर पालिका परिषद हल्दौर में प्रधानमंत्री हर घर जल योजना के अंतर्गत आपूर्ति किये जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच कराकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है। ज्ञापन में रवि कुमार एडवोकेट ने अवगत कराया है कि योजना का उद्देश्य नगरवासियों को स्वच्छ व सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराना हैं। किंतु वर्तमान में इस योजना के अंतर्गत जो पानी नगरवासियों को उपलब्ध कराया जा रहा है, वह पीने योग्य प्रतीत नहीं होता हैं। पानी कुछ समय रखने के बाद पीले रंग का हो जाता हैं, पानी में अजीब एवं दुर्गंध युक्त बदबू आती हैं, पानी में गंदगी एवं अन्य अशुद्धियां दिखाई देती हैं। इस दूषित पानी के सेवन से नगरवासियों का स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने तथा जल जनित एवं अन्य गंभीर बीमारियां फैलने की आशंका बनी हुई हैं। उन्होंने पेयजल के नमूनो की किसी मान्यता प्राप्त सरकारी प्रयोगशाला से तत्काल गुणवत्ता की जांच कराने, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक किए जाने, यदि पानी निर्धारित मानको के अनुरूप नहीं पाया जाता हैं तो जल शोधन एवं पाइपलाइन प्रणाली की तत्काल जांच कराकर आवश्यक सुधारात्मक करवाई सुनिश्चित करने व नगरवासियों को भारतीय मानक (आईएस 10500) के अनुरूप स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराये जाने की मांग की हैं।


रवि कुमार


## सूचना

सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम अंग्रेजी में AMIT CHAUHAN से बदलकर AMIT KUMAR कर लिया है तथा मेरी पत्नी ने अपना नाम अंग्रेजी में KUMKUM CHAUHAN से बदलकर KUMKUM RAJPUT कर लिया है। **- अमित कुमार पुत्र श्री यशपाल सिंह, निवासी मौहल्ला चौहानान, कस्बा व थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर।**


# फिर नज़र आया गुलदार

**चांदपुर ( चिंगारी )।** क्षेत्र में जगह-जगह गुलदार दिखाई दिये जाने से ग्रामीणों में भय व्याप्त है। शनिवार की शाम को गन्ने के खेत में गुलदार बैठा दिखाई दिया। उधर से गुजर रहे लोगों ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। ग्रामीणों ने वनविभाग के अधिकारियों से गुलदार को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने की मांग की है। शनिवार की शाम को ग्राम हीमपुर बुजुर्ग में मीरापुर पाहुली मार्ग पर स्थित एक गन्ने के खेत में गुलदार बैठा दिखाई दिया। उधर से गुजर रहे लोगों ने वीडियो बना कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी। शुक्रवार को भी गुलदार ने ग्राम थुरैला में नहर किनारे चारा चर रही सूरज सिंह की दो घोड़ियों पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया था। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम जमालुद्दीनपुर, सूंदरा, बास्टा रोड, त्रिपुडा, सहित कई अन्य स्थानों पर गुलदार दिखाई देने से ग्रामीणों में भय बना हुआ है।

# डा. यशवंत के कैम्प कार्यालय का शुभारंभ

पूर्व सांसद डॉ यशवंत सिंह के कैंप कार्यालय का शुभारंभ करते हुए अतिथि।



**नहटौर ( चिंगारी )।** शनिवार को नहटौर में हल्दौर रोड स्थित शिव विहार में पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह की कैंप कार्यालय का शुभारंभ हुआ इस अवसर पर आयोजित हवन पूजन में यशवंत सिंह सहित समर्थकों द्वारा सामग्री की आहुति देकर सुख शांति समृद्धि की कामना की गई। पूर्व सांसद डॉ. यशवंत सिंह ने कहा कि आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की लगातार तीसरी बार सरकार बनने जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रतिदिन जनसुनवाई के लिए वह कैंप कार्यालय पर उपलब्ध रहेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री महावीर सिंह, दिग्विजय सिंह, हल्दौर ब्लाक प्रमुख विजेंद्र सिंह, पूर्व प्रमुख नवनिहाल सिंह, मृणाल भारद्वाज, पूर्व पालिकाध्यक्ष हल्दौर अमर सिंह पम्मी, हिमांशु गुप्ता, नागेंद्र त्यागी, सुधीर तन्हा, करन सैनी, उदित प्रधान, कविता, राजीव चौहान आदि उपस्थित रहे।

# मिलेनियम स्कूल में मनाया गया मैंगो डे



**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** मिलेनियम सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोतवाली देहात में कक्षा नर्सरी से कक्षा 2 के छात्र एवं छात्राओं ने येलो डे उत्सव का आयोजन किया गया। इसमें छात्र एवं छात्राओं ने पीले वस्त्र पहनकर स्कूल पहुंचे। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मीना सिंह ने सभी छात्र एवं छात्राओं का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में छात्र एवं छात्राओं ने चित्रकला, क्राफ्ट, कविता, गीत-नृत्य तथा विभिन्न मनोरंजन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस कार्यक्रम में प्रधानाचार्य अजय कुमार, उप प्रधानाचार्य शालिनी चौहान एडमिनिस्ट्रेटर अबुल कलाम कस्सार व सतेंद्र कुमार व स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

# छात्रों पर हुई बर्बरता को देखकर कलेजा फट पड़ा - स्वामी ओमवेश



**गंज ( चिंगारी )।** देश की राजधानी में जंतर मंतर पर जेन जी के आंदोलन को लेकर चांदपुर विधायक स्वामी ओमवेश ने शनिवार को एक जनसभा बुलाई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में पहुंचे लोगों ने अपने-अपने सुझाव दिए।

स्वामी ओमवेश ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ हो रहा है। मोदी सरकार ने छात्रों/युवाओं की आवाज दबाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि निहत्थे बच्चों पर बर्बर लाठीचार्ज देखकर कलेजा मुंह को आ गया। लेकिन सरकार तानाशाही पर युवाओं का जोश भारी पड़ा। स्वामी ओमवेश ने कहा कि जेन ज़ी के समर्थन में वह जंतर-मंतर जाना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें तीन दिन तक हाउस अरेस्ट किये रखा। उन्होंने आंदोलन में मृत छात्रों के परिवारों को एक-एक करोड़ रुपए के मुआवजे, प्रदर्शन में छात्रों पर लगे झूठे मुकदमों को वापस लेने तथा पेपर लीक जैसी घटना के जिम्मेदार लोगों को शीघ्र कठोर दंड की मांग की।

माता देवी गायत्री नर्सिंग होम के अतिथि गृह में हुई सभा की अध्यक्षता स्वामी ओमवेश ने व संचालन संसार सिंह ने किया। सभा में नैन सिंह पाल, चौधरी ब्रह्मपाल सिंह, चौधरी प्रीतम सिंह, अनिल जाट, हरजिंदर प्रधान, बबलू प्रधान, संजय यादव, रिशिपाल मिस्त्री, चौधरी शेर सिंह, चंद्रपाल सिंह गुर्जर, डॉ. वीरेंद्र कुमार कश्यप, शेषपाल सिंह, चौधरी धर्मपाल सिंह, चौधरी भानु प्रताप सिंह, कल्याण सिंह सैनी, सुरेंद्र नंदाना, डॉक्टर लाखन सिंह पाल, यूनुस, चौधरी शूरवीर सिंह आदि ने स्वामी ओमवेश को तन मन धन से समर्थन देने का आश्वासन दिया।

# कुलवीर शर्मा को बनाया भाकियू ब्लॉक अध्यक्ष



**चांदपुर ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान ने क्षेत्र के ग्राम अजदेव निवासी कुलदीप शर्मा पुत्र राम अवतार शर्मा को भाकियू ब्लाक जलीलपुर का अध्यक्ष मनोनीत कर उनसे संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करने का आह्वान किया। नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष ने कहा कि वह स्व. चौ. महेन्द्र सिंह टिकैत की नीतियों और विचार धारा पर चलते हुए किसान व संगठन हित में कार्य करेंगे।**

# शिक्षक संघ की ब्लॉक कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

नजीबाबाद (चिंगारी)। अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ से सम्बद्ध प्राथमिक शिक्षक संघ की निपुण भारत मिशन के अंतर्गत शत प्रतिशत नामांकन व विद्यालय में ठहराव पर गोष्ठी तथा ब्लॉक कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने विद्यालय जाने की निर्धारित आयु के सभी बच्चों के नामांकन कराने के लिये सफल प्रयास करने के लिये आवश्क टिप्स दिये। कार्यक्रम के पश्चात ब्लॉक कार्यकारिणी का शपथ कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें मदन गोपाल चौहान, खुर्शीद अहमद, महेंद्र सिंह आबिद कुरैशी, तनवीर अहमद संरक्षक,


ब्लॉक कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को शपथ दिलाते हुए।

अजयपाल, सरताज मैडम मंत्री, अमित अग्रवाल वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सलीम अहमद जिला उपाध्यक्ष, अमरपाल गौतम जिला संयुक्त महामंत्री, नितिन कुमार, अनिल वर्मा ब्लॉक उपाध्यक्ष, गुलशन आदि को संघ के प्रांतीय मीडिया प्रभारी मोबीन हसन की उपस्थिति में जिला महामंत्री ज्योति प्रकाश गहलौत ने शपथ ग्रहण कराई। इस अवसर पर धर्मेंद्र तोमर, अमित त्यागी, अनुराग पांडेय, मुकेश देवयानी, अनुराग पांडेय, रामनाथ आदि शिक्षक/शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## शिक्षामंत्री के इस्तीफे पर खुशी मनाई, एक-दूसरे को मिठाई खिलाई



नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर कांग्रेस कमेटी नजीबाबाद के नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे पर खुशी व्यक्त करते हुए एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर देशभर के छात्र-छात्राओं एवं युवाओं को बधाई दी। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष रईस कुरैशी ने कहा कि पेपर लीक के मुद्दे पर देश के अलग-अलग हिस्सों से दिल्ली के जंतर-मंतर पर आवाज़ उठाने वाले छात्र-छात्राओं व युवाओं का संघर्ष ऐतिहासिक रहा है। उन्होंने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी युवाओं के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहे और संसद से लेकर सड़क तक उनकी आवाज़ बुलंद करते रहे हैं तथा आगे भी युवाओं के अधिकारों के लिए संघर्ष जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा युवाओं के संघर्ष की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है, लेकिन अभी भी कई महत्वपूर्ण मांगें शेष हैं। इस अवसर पर उपाध्यक्ष अमजद सिद्दीकी, नदीम फारूकी, डॉ. सलीम सैफी, डॉ. इक़बाल खान, डॉ. अनस, शराफ़त चौधरी, एम. अकरम खान सहित नगर कांग्रेस कमेटी के अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म अपनी टीम के साथ प्रदर्शन में हुए शामिल



नजीबाबाद (चिंगारी)। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने अपनी टीम के साथ बिजनौर में दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज व जौहर यूनिवर्सिटी पर कार्रवाई के विरोध में आयोजित आजाद समाज पार्टी के धरना-प्रदर्शन में भाग लिया। चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने बताया कि कुछ दिन पहले नगीना सांसद व आज़ाद समाज पार्टी काशीराम के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद ने छात्रों के समर्थन में संसद के बाहर धरना दिया था। इसके बाद उन्होंने धरना खत्म करते हुए पूरे भारत में कार्यकर्ताओं से जिलाधिकारी कार्यालयों पर पहुंचकर ज्ञापन सौंपने के लिए कहा था। इसी कार्यक्रम के अनुसार शनिवार को पूरे जिले के कार्यकर्ताओं के साथ चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म ने बिजनौर पहुंचकर डीएम को ज्ञापन दिया। कार्यकर्ताओं ने कहा कि दिल्ली के जंतर-मंतर पर स्टूडेंट्स का पेपर लीक को लेकर चल रहे आंदोलन में लाठीचार्ज कर दिल्ली पुलिस द्वारा बच्चों पर दिखाई गई जालिमी के विरोध में चंद्रशेखर आजाद धरने पर बैठ गये थे। अब उनके आदेश पर कार्यकर्ताओं ने बिजनौर में डीएम को दिये ज्ञापन में आत्महत्या करने वाले बच्चों के परिजनों को मुआवजा दिलाने, जंतर मंतर पर प्रोटेस्ट करने वाले के ऊपर दर्ज मुकदमें हटाने, बच्चों के प्रोटेस्ट को खराब करने वाले शरारती तत्वों पर कार्रवाई कराने, साथ ही रामपुर में मोहम्मद अली जौहर यूनिवर्सिटी के 38 भवनों को तोड़ने के आदेश को वापस कराने की मांगें की गई। नजीबाबाद चेयरमैन इंजीनियर मुअज्मम की टीम व तमाम जिले से आए आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं के जनसैलाब को देखकर जिला प्रशासन के हाथ पैर फूल गये। सभी कार्यकर्ताओं को बिजनौर नुमाइश ग्राउंड में बेरीकेडिंग लगाकर रोका गया ओर वही से ज्ञापन लिया गया। प्रदर्शन में शामिल इंजीनियर मुअज़्ज़म की टीम के हौंसले इतने बुलंद थी कि उन्होंने जमकर नारेबाज़ी की। मौके पर चेयरमैन इंजीनियर मुअज़्ज़म, नासिर कुरैशी, अजमल खान, सहल खान, फरदीन खान, गौरव, अनस, हाशिम अंसारी, शानू सैफी, वसीम, अनीस, मौ. अच्छन राईन, तल्हा आदि मौजूद रहे।

## डीएम से की समीपुर में 150 मीटर सीसी रोड बनवाने की मांग



नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय किसान संगठन एकता के पदाधिकारियों ने डीएम को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को देकर नजीबाबाद ब्लॉक के ग्राम समीपुर में 150 मीटर सीसी रोड बनवाने की मांग की है। पत्र में कहा गया है कि ग्राम समीपुर में नजर के मकान से वकील की दुकान तक सीसी रोड अति आवश्यक है। उन्होंने जल्दी ही सीसी रोड बनवाने की मांग की। ज्ञापन देने वालों में भारतीय किसान संगठन एकता के मुरादाबाद मंडल प्रभारी मौ. फुरकान खान, जिलाध्यक्ष जाहिद मकरानी, मौ. इकराम अंसारी, जाहिद हुसैन, जाबिर शाह, नीरज कश्यप, अफसर, मौ. आसिफ, प्रगट सिंह आदि शामिल रहे।

बिजनौर में खुल गया है
ATHER
कम डाउन पेमेंट
कम ब्याज दर
आज ही लायें एथर स्कूटर
ATHER

इलेक्ट्रिक स्कूटर
के बादशाह
एथर का शोरूम
बिजनौर/धामपुर में एथर शोरूम के लिये आवश्यकता है- शोरूम मैनेजर, सेल्स एक्सयूटिव एवं मैकेनिक की।
मो. 8192801901
Dhruvika Motors
Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911

# काशीरामपुर में हो रही दूषित पेयजल की सप्लाई

## क्षेत्रवासियों ने सुरेन्द्र सिंह नेगी को समस्या बताई

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के काशीरामपुर क्षेत्र में पिछले कई दिनों से दूषित एवं गंदे पेयजल की आपूर्ति से स्थानीय नागरिक परेशान हैं। इस संबध में अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने पर क्षेत्रवासियों ने पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी को अवगत कराया। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और इस संबध में स्थानीय नागरिकों के साथ संवाद किया।

स्थानीय नागरिकों ने उन्हें बताया कि क्षेत्र में लंबे समय से गंदे एवं बदबूदार पानी की आपूर्ति हो रही है, जिसकी शिकायत कई बार संबंधित विभाग को किए जाने के बावजूद अब तक कोई समाधान नहीं हो पाया है। इससे क्षेत्र के लोगों में आक्रोश पनप रहा है। इस पर पूर्व मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी ने तत्काल संबंधित विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता की और इस संबध में प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके बाद संबंधित विभाग के अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे तथा समस्या का जायजा लिया। मौके पर अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों को समस्या का शीघ्र समाधान करने के लिए आश्वस्त किया। वहीं स्थानीय जनता ने भी पूर्व कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त किया।



दूषित पेयजल आपूर्ति को लेकर क्षेत्रीय जन से संवाद करते पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेंद्र सिंह नेगी।

# एमवीएम में कारगिल विजय दिवस मनाया

## बच्चों ने देशभक्त महापुरुषों का वेश बनाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बीईएल रोड स्थित महर्षि विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल में कारगिल विजय दिवस के अवसर पर बालवाटिका एक,दो व तीन सहित कक्षा एक व दो के विद्यार्थियों के लिए फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने भारतीय सेना के वीर जवानों, कैप्टन विक्रम बत्रा, भगत सिंह, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, रानी लक्ष्मीबाई, भारत माता तथा अन्य देशभक्त महापुरुषों का वेश धारण कर मनमोहक प्रस्तुतियाँ दीं। विद्यार्थियों ने अपने पात्रों का संक्षिप्त परिचय एवं देशभक्ति से ओत-प्रोत संदेश प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। इस दौरान प्रधानाचार्य रविंद्र गुसांई ने कारगिल युद्ध के वीर शहीदों के अदम्य साहस, त्याग और बलिदान से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। तत्पश्चात आयोजित फैंसी ड्रैस प्रतियोगिता में बालवाटिका एक से शिवांश, बालवाटिका दो से इशिका, बालवाटिका तीन से अभिनव चौहान, कक्षा एक से यश व कक्षा दो से दिव्या देवरानी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन 31 तक

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय खैरासैंण, पौड़ी गढ़वाल में सत्र 2026-27 कक्षा-6 में प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। इच्छुक छात्र-छात्राएं 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर 2026 को होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के सरकारी अथवा सरकारी मान्यता प्राप्त प्राथमिक विद्यालय में सत्र 2026-27 में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत समस्त विद्यार्थी कक्षा 6 में प्रवेश परीक्षा हेतु 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। बताया कि जिन छात्रों के माता-पिता जनपद पौड़ी गढ़वाल के बोनाफाइड निवासी हों तथा जिनकी जन्मतथि 01/05/2015 से 31/07/2017 के बीच हो, वे पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, खैरासैंण, पौड़ी गढ़वाल में सत्र 2027-28 की कक्षा 6 हेतु 28 नवंबर 2026 को आयोजित होने वाली प्रवेश परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन नवोदय विद्यालय की वेबसाइट के प्रवेश पोर्टल पर नि:शुल्क कर सकते है।

# डीएवी स्कूलों की जोन स्तरीय प्रतियोगिताएं आयोजित

## डीएवी कोटद्वार का रहा दबदबा

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल में डीएवी प्रबंधकृत समिति नई दिल्ली की ओर से डीएवी नेशनल स्पोर्टस 2026, क्लस्टर ए, यूके जोन के अंतर्गत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। पूरे दिन चली खेल प्रतियोगिताओं में डीएवी कोटद्वार, डीएवी जगजीतपुर हरिद्वार, बी एम डीएवी हरिद्वार और डीएवी देहरादून के खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय की पर्यवेक्षिका सारिका रावत और खेल शिक्षक अजय व्यास ने ध्वजारोहण कर किया। तत्पश्चात आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में डीएवी कोटद्वार ने डीएवी जगजीतपुर हरिद्वार को 2-1 से हराया। वहीं अंडर-19 वर्ग में मेजबान टीम ने डीएवी देहरादून को 6-0 के बड़े अंतर से शिकस्त देकर जोनल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। बॉक्सिंग मुकाबलों में विभिन्न भार वर्गों में डीएवी कोटद्वार और डीएवी देहरादून के खिलाड़ियों ने स्वर्ण और रजत पदक हासिल कर जोनल स्तर के लिए जगह बनाई। तैराकी प्रतियोगिता के अंडर-17 बालक वर्ग की 50 और 100 मीटर स्पर्धा में बीएम डीएवी हरिद्वार के शुभम ने स्वर्ण पदक जीतकर जोनल स्तर के लिए क्वालीफाई किया। समापन समारोह में विद्यालय के प्रधानाचार्य नितिन भाटिया ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# लगातार बारिश से सब्जी की फसलों को हुआ नुकसान

## सब्जी उत्पादक किसान हो रहे परेशान

**चिड़ियापुरल ( चिंगारी )।** लालढांग क्षेत्र में पिछले दिनों हुई जबरदस्त बारिश ने क्षेत्र के सब्जी उत्पादक किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। लगातार पानी भरने और नमी के कारण खेतों में खड़ी सब्जी की फसल सूखने और सड़ने के कगार पर पहुंच गई है। इससे किसानों को भारी नुकसान का डर सता रहा है। लालढांग क्षेत्र के लाहडपुर गांव निवासी सब्जी की खेती करने वाले छोटन सिंह, केवल सिंह, मायाराम, संजय, सुनील आदि किसानों का कहना है कि मिर्च, भिंडी, लौकी, पालक और धनिया करेला जैसी फसलें सबसे ज्यादा प्रभावित हुई हैं। खेतों में जलभराव की वजह से पौधे पीले पड़कर गिर रहे हैं। कई किसानों ने कर्ज लेकर फसल लगाई थी, अब लागत डूबने का खतरा है। खेतों में फसल खराब होने का असर सीधे मंडियों और बाजारों पर पड़ा है। पिछले दस दिनों में सब्जियों के रेट में जबरदस्त तेजी देखी जा रही है। टमाटर, भिंडी, लौकी, तोरी, करेला, हरी पत्तेदार सब्जी के दाम लगभग दोगुने हो गये है। महंगाई के कारण आम उपभोक्ता भी परेशान है। प्रभावित किसानों ने प्रशासन से खेतों का सर्वे कर मुआवजा देने की मांग की है।



# 'वसुंधरा' ने जीआईसी में स्वास्थ्य शिविर लगाया

## छात्राओं व शिक्षिकाओं ने लाभ उठाया

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** वसुंधरा संस्था की से हरिचंद गुप्ता आदर्श कन्या इंटर कॉलेज में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। 100 से अधिक छात्राओं व शिक्षिकाओं ने शिविर का लाभ उठाया। शिविर का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्य संध्या गुप्ता व वसुंधरा संस्था की अध्यक्ष प्रियंका नेगी ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के शिविर छात्राओं के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। छात्राएं स्वास्थ्य के प्रति जागरुक होती हैं। शिविर में हिमालयन अस्पताल की त्वचा रोग विभागाध्यक्ष डॉ. रश्मि जिंदल, राजकीय उपजिला चिकित्सालय की दंत सर्जन नविता नौटियाल और डॉ. मनोज ने छात्राओं के स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान छात्राओं को नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गईं। विद्यालय की एनएसएस स्वयंसेवियों का भी स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वसुंधरा संस्था की उपाध्यक्ष डॉ. ज्योति शर्मा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। शिविर के आयोजन में राजकीय उपजिला चिकित्सालय के फार्मेसी अधिकारी बीपी भट्ट, दिनेश चंद्र रमोला, अनुत रणावत आदि ने सहयोग किया।



# रैली एवं प्रतियोगिताओं के साथ, विद्या मंदिर में हरेला सप्ताह समाप्त

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में हरेला सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विविध पर्यावरणीय गतिविधियों का समापन हो गया है। सप्ताह भर चले महोत्सव के माध्यम से विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, उत्तराखंड की लोकसंस्कृति तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता विकसित करने का प्रयास किया गया।

समापन दिवस पर सर्वप्रथम विद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयं सेवियों ने जानकीनगर एवं बालासौड़ क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता रैली निकाली। इसके उपरांत आयोजित निबंध प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में निधि ने प्रथम, गरिमा एवं शौर्य ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा नक्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में नवीन एवं व्योम संयुक्त रूप से पहले, वंश कुकरेती दूसरे तथा वैष्णवी एवं सोनम संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहीं। चित्रकला प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में हिमानी एवं अनुष्का ने संयुक्त रूप से प्रथम, आयुषी बड़ोला ने द्वितीय तथा आराध्या एवं निधि ने संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में प्रियांशी प्रथम, पलक द्वितीय तथा आशुतोष तृतीय स्थान पर रहे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में सिद्धि एवं आयुषी बड़ोला प्रथम, आराध्या मेहता एवं आराध्या बिष्ट द्वितीय तथा सरस एवं तृषा तृतीय स्थान पर रहे। सीनियर वर्ग में अदिति ने पहला, आस्था एवं श्रेया ने संयुक्त रूप से दूसरा तथा अनन्या एवं अपर्णा ने संयुक्त रूप से तीसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय प्रतियोगिता विभाग प्रभारी रोहित बलोदी ने बताया कि सभी प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को आगामी मेधावी सम्मान समारोह में सम्मानित किया जाएगा।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, राहुल भाटिया, भूपेंद्र सिंह, शिवराम बड़ोला, राजन कुमार, मोहन सिंह, सुबोध ध्यानी, मधुबाला नौटियाल और संगीता रावत सहित विद्यालय परिवार के समस्त आचार्य एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# चंपत राय ने अयोध्या में शुरू की 4 महीने की 'चातुर्मास साधना'

अयोध्या (एजेंसी/चिंगारी)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने शनिवार को देवशयनी एकादशी पर अयोध्या स्थित तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट भवन में चार माह की चातुर्मास साधना शुरू कर दी। चढ़ावा चोरी प्रकरण में इस्तीफे के बाद एसआईटी और पुलिस जांच के बीच, उन्होंने आध्यात्मिक अनुशासन के तहत 21 नवंबर तक अयोध्या में ही रहकर राम मंत्र जप और रामचरितमानस पाठ करने का फैसला किया है। वह रोज छह घंटे मौन रहकर साधना कर रहे हैं।

# लापता हुए किसान का नहर से शव बरामद



## नहर किनारे मिले थे कपड़े, मोबाइल व बाइक

नजीबाबाद (चिंगारी)। रायपुर रोड स्थित गढ़मलपुर फ्लाईओवर के पास पूर्वी गंग नहर में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुए किसान का नहर से बीती रात शव बरामद हो गया। नजीबाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम जहानाबाद निवासी 38 वर्षीय किसान कृष्ण कुमार पुत्र छोटे लाल शुक्रवार को अपने खेत पर पेड़ लगाने के उद्देश्य से घर से निकला था। दिनभर काम के बाद जब देर शाम तक वह घर नहीं लौटा, मोबाइल भी संपर्क से बाहर मिला तो परिजनों की चिंता बढ़ गई थी। परिवार के सदस्य्य व ग्रामीण उनकी तलाश में निकल पड़े थे। खोजबीन के दौरान गढ़मलपुर फ्लाईओवर के पास पूर्वी गंग नहर के किनारे कृष्ण कुमार की बाइक खड़ी मिली। कुछ दूरी पर उनके कपड़े व मोबाइल फोन भी पड़ा मिला। यह दृश्य देखकर परिजनों के होश उड़ गए थे तथा उन्होंने तत्काल पुलिस को सूचना दी थी। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया था। किसान के नहर में उतरने की आशंका के मद्देनजर एनडीआरएफ की टीम को बुलाया गया था। टीम ने शनिवार को सारे दिन नहर में सर्च अभियान चलाया, लेकिन लापता किसान का कोई पता नहीं चल सका था। पुलिस भी आसपास के क्षेत्र में हर पहलू को ध्यान में रखकर जांच में जुटी हुई थी। एनडीआरएफ की टीम ने शनिवार की रात में लापता हुए किसान कृष्ण कुमार का नहर से शव बरामद कर लिया। घटना के बाद कृष्ण कुमार की पत्नी ने अपने पति के नहर में डूबने की आशंका पर सवाल खड़े किए। उनका कहना था कि उनके पति को तैरना नहीं आता था और वह पानी से भी डरते थे। उन्होंने आशंका जताई कि उनके पति के साथ कोई अप्रिय घटना हो सकती है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्राम प्रधान ओमप्रकाश ने बताया कि किसान का शव गढ़मलपुर डैम के पास बीती रात आठ बजे बरामद हुआ है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।


**मकान बिक्री के लिए**

मोहल्ला दरबाराशाह नजीबाबाद में स्थित, अग्रवाल धर्मशाला के पास व मंदिर के ठीक सामने, 308 वर्ग गज में बना दो मंज़िला कॉर्नर मकान (तीन तरफ रास्ता) बिक्री के लिए उपलब्ध है। यह संपत्ति बाजार एवं मुख्य नागरिक सुविधाओं के बेहद करीब स्थित है। सामने स्थित मंदिर की पवित्रता और परिवेश का आदर करने वाले परिवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। इच्छुक खरीदार संपर्क करें 9701365465


## सूचना

मेरा नाम Rahul S/o Virendra Singh निवासी ग्राम जसवन्तपुर, पो. चन्दनपुरा, तहसील नजीबाबाद (बिजनौर) है, जो सही है। मेरे पुत्र Abhinav Pratap Singh के आधार कार्ड व विद्यालय अभिलेखों में मेरा नाम Rahul Chauhan लिखा है, जो गलत है। मेरे पुत्र के विद्यालय अभिलेखों में मेरा वास्तविक नाम Rahul दर्ज होना है।


NEET के बाद
सही दिशा, सही मार्गदर्शन
सपना आपका, साथ हमारा!
देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
हमारे प्रमुख डेस्टिनेशन: कजाखस्तान, रूस, जॉर्जिया, किर्गिजस्तान, उज्बेकिस्तान, बांग्लादेश, नेपाल & More...
अंजुम कलीम (एम.डी.)
15+ YEARS OF EXPERIENCE
M.B.B.S.
BAMS, BUMS, BDS, BHMS
यूनिवर्सिटी सेलेक्शन, एडमिशन गाईडेंस, डॉक्यूमेंटेशन सपोर्ट, वीजा प्रोसेसिंग, ट्रैवल सपोर्ट
सही मार्गदर्शन, उज्ज्वल भविष्य!
मोईन का चौराहा, चाहशीरी, बी-21, बिजनौर (उ.प्र.)
Call / WhatsApp 8384872313
Website www.mbbsbijnor.com
SCAN ME!
आपका सपना, हमारी जिम्मेदारी!

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans, Havells Fans, Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

Gents Specialist
Suit, Sherwani, Pant Shirt, Fancy Coat, Ladies Coat
CLASSIC TAILORS 9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE, PUMA, SKECHERS, WOODLAND, RED CHIEF, Lee Cooper, campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
8445517265, 8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर